RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच


पेज 7 मिस्ट्री गर्ल हैं सुष्मिता....

वर्ष : 25 | अंक : 327 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 23 नवंबर, 2023 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# कैप्टन शुभम, कैप्टन प्रांजल व हवलदार माजिद के बलिदान पर नाज

## राजोरी में आतंकियों से फिर से मुठभेड़ शुरू, सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा



राजोरी (जम्मू-कश्मीर) (एजेंसी)। जम्मू संभाग के जिला राजोरी के धर्मसाल के बाजीमाल इलाके में सेना व जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ आज सुबह एक बार फिर शुरू हो गई है। सूत्रों से मिली ताजा जानकारी के अनुसार, मुठभेड़स्थल पर अभी भी दो शव पड़े हुए हैं। इनमें से एक शव सुरक्षाकर्मी और आतंकी के होने का अंदेशा जताया जा रहा है। फिलहाल दोनों ओर से गोलीबारी जारी है। मौके पर दो आतंकी घिरे हुए हैं। सेना ने पूरे इलाके को घेर रखा है। सैन्य अधिकारियों के मुताबिक जल्द ही घिरे हुए आतंकियों को मार गिराया जाएगा।

इससे पहले बुधवार को मुठभेड़ में दो अधिकारियों और दो जवानों सहित चार सैन्यकर्मी बलिदान हो गए और दो जवान घायल हो गए। नागरिकों को बचाते हुए सुरक्षाबलों पर अचानक आतंकियों ने हमला कर दिया था।

महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा में जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया।

## शोक की इस घड़ी में शहीद के परिजनों के साथ : मुख्यमंत्री



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू और कश्मीर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए जनपद आगरा निवासी सेना के कैप्टन शुभम गुप्ता को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की ( शेष पृष्ठ-4 पर )

## घर में बजनी थी शहनाई शहादत ने फैला दिया सन्नाटा



आगरा (एजेंसी)। जम्मू संभाग के जिला राजोरी के धर्मसाल के बाजीमाल इलाके में सेना व जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में उत्तर प्रदेश के आगरा निवासी जिला शासकीय अधिवक्ता बंसत गुप्ता के पुत्र कैप्टन शुभम गुप्ता के शहीद होने के बाद शहर में शोक की लहर छा गई। जिसने भी सुना स्तब्ध रह गया। कैप्टन शुभम के शहीद होने के बाद आज उनके शोक में दीवानी में न्यायिक कार्य नहीं हुआ।

शुभम के शहीद होने की खबर मिलने के बाद आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल, फतेहपुर सीकरी के सांसद राजकुमार चाहर, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, ( शेष पृष्ठ-4 पर )

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा में सीएनजी महंगी

**नई दिल्ली / नोएडा (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले लोगों को आज सुबह महंगाई का एक झटका लगा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित नोएडा, गाजियाबाद और हापुड़ में सीएनजी की कीमतों में एक रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई है। सीएनजी सप्लाई करने वाली कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की ओर से सीएनजी के दामों में यह इजाफा आज गुरुवार यानी 23 नवंबर 2023 से लागू किया गया है।



इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की ओर से बढ़ाई गई कीमतों के बाद दिल्ली में सीएनजी की कीमत 74.59 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर अब 75.59 रुपये प्रति किलोग्राम कर दी गई है। वहीं, नोएडा में संशोधित दर 81.20 रुपये प्रति किलोग्राम है और ग्रेटर नोएडा में 80.20 प्रति किलोग्राम है। गाजियाबाद और हापुड़ में संशोधित सीएनजी दर 80.20 रुपये प्रति किलोग्राम है। हालांकि, रेवाड़ी में संशोधित दर पिछली कीमत से 1 रुपये कम हो गई है। शुरुआत में सीएनजी का रेट 82.20 रुपये प्रति किलो था, अब 81.20 रुपये प्रति किलो है।

**दिल्ली-एनसीआर में कीमतें**

दिल्ली 75.59/- प्रति किलोग्राम
नोएडा 81.20/- प्रति किलोग्राम
ग्रेटर नोएडा 80.20/- प्रति किलोग्राम
गाजियाबाद 80.20/- प्रति किलोग्राम

## चाय की टपरी पर काट रही थी केक तभी आ गया प्यार में पागल प्रेमी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ऑफिस के दोस्तों के साथ चाय की टपरी पर केक काट रही युवती के दोस्तों पर एक तरफा प्यार में पागल युवक ने रॉड से हमला कर दिया। युवक ने युवती के दो दोस्तों का रॉड से सर फोड़ दिया और मौके से फरार हो गया। युवती की शिकायत पर थाना फेस वन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

श्रीनिवास पुरी नई दिल्ली निवासी रंजना (काल्पनिक नाम) ने बताया कि वह सेक्टर-3 की एक कंपनी में काम करती है। बीते दिनों वह अपने ऑफिस के बाहर मुकेश की चाय की टपरी पर अपने दोस्तों के साथ गई थी। इस दौरान वहां मयंक नेहरा नामक युवक अपने दोस्त के साथ चाय पीने पहुंचा। रंजना के मुताबिक नेहरा उसे काफी देर तक घूरता रहा और इसके बाद वह शाम के समय पीछा करते हुए उसके घर तक पहुंच गया। बीते 18 नवंबर को वह फिर चाय की टपरी पर आया और उसे घूरने लगा।

रंजना के मुताबिक उसने मयंक नेहरा से उसका पीछा न करने की बात कही। जिस पर वह चिड गया और उसे देख लेने की धमकी दी। रंजना के अनुसार 21 नवंबर को वह अपने दोस्तों के साथ चाय की टपरी पर रोहित के साथ केक काट रही थी। इस दौरान मयंक वहां अपने दोस्तों के साथ पहुंच गया मयंक ने लोहे की रॉड से रोहित और सचित्र के ऊपर हमला बोल दिया। ( शेष पृष्ठ-4 पर )

# 100 रुपये खोने पर बाप ने डांटा तो बेटी ने दी जान

**बी-टेक के छात्र, युवती व महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या**

**नोएडा ( चेतना मंच )।** मानसिक तनाव लोगों पर इस कदर हावी हो रहा है कि वह जिंदगी से ही हार मान रहे हैं। मानसिक तनाव व घरेलू विवाद के चलते अलग-अलग स्थान पर बीटेक के छात्र, युवती व महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिले हैं।

मूल रूप से सीतामढ़ी बिहार निवासी शिवम पुत्र राजू कुमार ग्रेटर नोएडा के जीएल हॉस्टल में रह रहा था। शिवम ग्रेटर नोएडा स्थित एक शिक्षण संस्थान में बीटेक फर्स्ट ईयर का छात्र था। बीती रात्रि उसके साथी हॉस्टल के कमरे पर पहुंचे तो उन्हें शिवम फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। हॉस्टल संचालक ने इसकी सूचना थाना नॉलेज पार्क पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और परिजनों को सूचना दी। थाना प्रभारी के मुताबिक मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में शिवम के पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान होने की बात सामने आई है।

थाना सूरजपुर क्षेत्र के कस्बे में आज सुबह एक (16 वर्षीय) किशोरी पिता के डांटने पर फांसी के फंदे पर झूल गई। मूल रूप से बिहार निवासी शिव सिंह अपने परिवार सहित संतराम कॉलोनी में किराए पर रह रहा है। आज सुबह उसके 100 रुपए खो गए थे। इस बात को लेकर उसने अपनी (16 वर्षीय) बेटी( शेष पृष्ठ-4 पर )

## कबाड़ियों के साथ मिलकर कंपनी में चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कंपनी से सामान चोरी करा रहे सिक्योरिटी गार्ड व दो कबाड़ियों को कंपनी मालिक ने मौके पर ही धर दबोचा। आरोपियों को चोरी के समान के साथ थाना कासना पुलिस के हवाले किया गया है।

पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट सोसायटी निवासी राकेश कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी साइट-5 में उद्गम प्रोसेस इक्विपमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी है। कंपनी की सिक्योरिटी के लिए उसने सिक्योरिटी गार्ड धर्मेंद्र को रखा हुआ है। बीते 20 नवंबर की रात्रि को वह सुबह 4 बजे अपनी कंपनी का अचानक राउंड लेने के लिए पहुंचा। इस दौरान उसे गार्ड धर्मेंद्र व दो अन्य लोग ( शेष पृष्ठ-4 पर )

## पुलिस से की शिकायत तो लठ्ठ बजाऊंगा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ आए दिन मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि उसका पति उसे धमकी देता है कि यदि उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई तो वह उस पर जमकर लट्ठ बजाएगा। शाहबेरी स्थित श्याम अपार्टमेंट निवासी आरती (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपने पति में बच्चों के साथ रह रही है। आरती का आरोप है कि उसका पति विजेंद्र सिंह आए दिन उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करता है। मारपीट के दौरान वह उसे भद्दी-भद्दी गालियां देता है। ( शेष पृष्ठ-4 पर )

## जेपी विश टाउन सोसायटी के फ्लैट से मिनी लॉकर चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरों ने चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। चोर लाखों रुपए के जेवरात,नगदी, कीमती सामान व मोबाइल टॉवर से कीमती उपकरण चोरी कर ले गए।

**चोरों ने कई जगह हाथ किया साफ**

सेक्टर-128 स्टेट जेपी विश टाउन सोसायटी निवासी सुजाता खुल्लर ने थाना सेक्टर-126 में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि बीते दिनों उसके घर से मिनी लॉकर चोरी हो गया। इस लॉकर में दो कारों की स्पेयर-की के अलावा जेवरात, नगदी व अन्य सामान रखा हुआ था। मिनी लाकर चोरी होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने इसकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है की पीड़िता ने हाल ही में अपना मकान शिफ्ट किया है। ( शेष पृष्ठ-4 पर )

## दादरी में सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास खंडित की प्राचीन मंदिर की मूर्तियां

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दादरी में असमाजिक तत्वों द्वारा आपसी सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया है। बुधवार की देर रात दादरी में स्थित एक मंदिर में स्थापित मूर्तियों को खंडित कर दिया गया। मूर्तियां खंडित किए जाने से स्थानीय लोगों में खास आक्रोश और तनाव व्याप्त है। हालांकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को संभाल लिया और लोगों को समझा बुझाकर शांत किया।



दादरी के गौतमपुरी मोहल्ले के अंबेडकर भवन धर्मशाला में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आज सुबह कुछ लोग पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचे तो उन्हें मंदिर में स्थापित नंदी जी सहित अन्य कई मूर्तियां खंडित मिली। मूर्ति खंडित किए जाने की खबर कुछ ही देर में गौतमपुरी मोहल्ले में आग की तरह फैल गई और लोग इकट्ठे हो गए। मूर्ति खंडित किए जाने से लोगों में रोष व्याप्त हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर थाना दादरी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ( शेष-4 पर )

## एक घंटे में 2 लाख के हो जाएंगे 6 लाख

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में कदम कदम पर ठगबाज घूम रहे हैं। अपने चाचा के लड़के की बात में फंसकर हाथरस के एक युवक ने दो लाख रुपए गंवा दिए। ठगबाज ने उसे दो लाख रुपयों को महज एक घंटे में 6 लाख करने का लालच दिया था। ठगबाजी का शिकार हुए पीड़ित ने थाना सेक्टर-58 में मुकदमा दर्ज कराया है।

चमन गली हाथरस निवासी अभिषेक ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके चाचा राधा कृष्ण के लड़के हेमंत कुमार उर्फ हरिमोहन ने उसे सपना दिखाया। हेमंत कुमार ने उससे कहा कि वह 2 लाख रूपये लेकर नोएडा चले। वहां उसकी पहचान का एक व्यक्ति से है जो उसके 2 लाख रूपये को अपने बिजनेस में लगाकर महज 1 घंटे में 6 लाख रूपये वापस कर देगा। महज 1 घंटे में 2 लाख के 6 लाख रूपये मिलने की बात सुनकर उसके मन में लालच आ गया और वह उसके साथ पैसे लेकर नोएडा के सेक्टर 62 में आ गया।

अभिषेक के मुताबिक सेक्टर-62 की एक कंपनी के पास उन्हें आरके शर्मा नाम का व्यक्ति मिला उसने अपने चचेरे भाई हेमंत कुमार के कहने पर आरके शर्मा को ( शेष पृष्ठ-4 पर )

## गांजे की तस्करी करते हुए पकड़े गए बाप बेटे, ढाई कुंतल गांजा बरामद

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश का हाईटेक शहर नोएडा, ग्रेटर नोएडा और इससे लगा शहर गाजियाबाद गांजे की खपत का गढ़ बनता जा रहा है। देर रात ग्रेटर नोएडा के थाना बादलपुर पुलिस और एनडीपीएस सेल की संयुक्त कार्यवाही के बाद बाप बेटे को गिरफ्तार किया गया है, जो उड़ीसा से गांजा लेकर आ रहे थे। दोनों कैंटर से ढाई कुंतल गांजा ला रहे थे। बरामद किया गया गांजा गाजियाबाद में सप्लाई किया जाना था। जानकारी के अनुसार, थाना बादलपुर के उप निरीक्षक प्रसून कुमार तथा एनडीपीएस सेल प्रभारी पवन कुमार द्वारा अपनी अपनी टीम के साथ संयुक्त रुप से ग्रेटर नोएडा की दुजाना पुलिस चौकी पर बैरियर लगाकर ( शेष पृष्ठ-4 पर )

## समारोह में अवैध रुप से शराब परोसने वाले चार गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आज से शादियों का सीजन शुरू हो गया है। यदि आपके यहां भी शादी या अन्य कोई समारोह है और आप अपने मेहमानों को शराब परोसना चाहते हैं तो किसी बिचौलिए का सहारा ना लें, क्योंकि शराब परोसने वाले बिचौलियों पर आबकारी विभाग और पुलिस की पैनी नजर है। नोएडा के आबकारी विभाग और थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने चार बिचौलियों को पकड़कर जेल भेजा है। यह बिचौलिए शादी समारोह में बिना लाइसेंस के ही शराब परोस रहे थे।

दरअसल, आबकारी विभाग की और थाना एक्सप्रेस-वे नोएडा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कांतम फॉर्म हाउस यमुना डूब क्षेत्र अवैध रूप से शराब पिला रहे वकुल अग्रवाल पुत्र राजीव कुमार, राहुल कुमार पुत्र कृष्ण पाल, राहुल कसाना पुत्र विजय कसाना तथा सूरज सिंह पुत्र संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से विभिन्न ब्रांड की 5 पेटी अग्रेंजी शराब हरियाणा मार्का बरामद की गई है।

थाना एक्सप्रेस-वे नोएडा के क्षेत्रान्तर्गत कांतम फॉर्म हाउस यमुना डूब क्षेत्र में आयोजित एक समारोह में अभियुक्तों द्वारा बिना लाइसेंस के समारोह के दौरान अन्य व्यक्तियो को अवैध शराब पिलाया जा रहा था। पुलिस ने वकुल अग्रवाल पुत्र राजीव कुमार निवासी रामनगर, थाना मानसरोवर पार्क, शाहदरा। राहुल कुमार पुत्र कृष्ण पाल निवासी सागरपुर, थाना सागरपुर, दिल्ली।( शेष पृष्ठ-4 पर )

# अधर में लटका गोल्फ कोर्स का निर्माण

**किसानों के विवाद के बाद अब ठेकेदार ने निर्माण कार्य रोका**

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी परियोजना इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स के निर्माण में फिर ब्रेक लग गए हैं। जमीन अधिकरण को लेकर गांव कामबख्शपुर तथा झट्टा के किसानों तथा प्राधिकरण के बीच चल रहा विवाद अभी सुलझा भी नहीं कि अब निर्माण कर रहे ठेकेदार ने भुगतान होने के कारण काम रोक दिया है। जिसके कारण प्राधिकरण के सामने एक नई मुसीबत खड़ी हो गई है।



बता दें कि सेक्टर-151ए में नोएडा प्राधिकरण द्वारा 125 करोड़ की लागत से 128 एकड़ जमीन में इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स का निर्माण किया जा रहा है। इस गोल्फ कोर्स में 18 होल होंगे। इसके तहत 94.369 एकड़ में गोल्फ एरिया, 6.895 एकड़ में क्लब तथा पार्किंग, 7.910 एकड़ में ड्राइविंग रेंज एरिया, 4.702 एकड़ में एनटी लाइन एरिया, 9.289 एकड़ में हैलीपोट तथा 4.614 एकड़ में हैलीपोट एप्रोच रोड एरिया का विकास किया जाना है। मार्च 2024 तक इसका निर्माण पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

नोएडा प्राधिकरण अब तक इस परियोजना पर 52 करोड रुपए खर्च कर चुका है। निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार का 9 करोड रुपए का बिल का भुगतान न होने के कारण ठेकेदार ने आधार में ही निर्माण कार्य छोड़ दिया है। उधर किसानों द्वारा जमीन न दिए जाने के कारण गोल्फ कोर्स के लिए आवश्यक जमीन की कमी से प्राधिकरण पहले ही जूझ रहा था। अब ठेकेदार ने निर्माण का रोक दिया है। इससे प्राधिकरण के सामने एक नया संकट पैदा हो गया है। ( शेष पृष्ठ-4 पर )

## प्रसिद्ध किसान नेता की लगेगी भव्य प्रतिमा ,अनावरण समारोह में जुटेंगे अनेक नेता

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में प्रसिद्ध किसान नेता स्व. बिहारी सिंह बाग़ी की भव्य प्रतिमा स्थापित की जा रही है । ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के रूपवास गाँव में उनकी भव्य प्रतिमा का अनावरण 29 नवंबर को किया जाएगा ।नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में ही नहीं स्व बिहारी सिंह बाग़ी पूरे देश में किसानों के नेता के रूप में प्रसिद्ध थे। उनकी प्रतिभा के अनावरण समारोह में नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र तथा देश भर के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले नेता, सामाजिक कार्यकर्ता तथा किसान एकत्र होंगे।



आपको बता दें कि चौधरी बिहारी सिंह ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के रूपवास गाँव के रहने वाले थे । उनके पैतृक गाँव में ही उनकी मूर्ति स्थापित की गयी है । इस मूर्ति का अनावरण समारोह 29 नवंबर 2023 को होगा।

स्व. बिहारी सिंह बागी के बड़े सुपुत्र जितेन्द्र सिंह ने बताया कि देश के प्रसिद्ध किसान नेता स्व. बिहारी सिंह बागी की प्रतिमा का निर्माण चौ.बिहारी सिंह फाउंडेशन द्वारा करवाया गया है। स्व. चौ.बिहारी सिंह बागी की प्रतिमा का अनावरण समारोह दादरी के ग्राम रूपवास में सुबह 11.00 बजे होगा। प्रतिमा अनावरण समारोह में केन्द्रीय राज्य मंत्री, ऊर्जा एवं भारी उद्योग चौ. कृष्णपाल गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ पंजाब में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़, ( शेष पृष्ठ-4 पर )

## च

इजरायल-हमास के बीच जारी युद्ध किस करवट बैठेगा, इसकी कोई भविष्यवाणी नहीं कर सकता। डे? माह से चल रहे इस युद्ध को विराम देने की कामना पूरी दुनिया कर रही है। सब शांति चाहते हैं, अयुद्ध चाहते हैं, अमन-चैन की भावना सभी के दिलों में है। लेकिन शांति एवं अयुद्ध की कामना के साथ कहीं-न-कहीं सोच में भयंकर भूल है। प्रतीत ऐसा हो रहा है बात युद्ध-विराम की हो और कार्य हों युद्ध के तो युद्ध-विराम कैसे होगा? इतने लम्बे युद्ध की विडम्बना यही है कि इजरायल पूरी ताकत लगाने के बावजूद अपने मिशन में कामयाब नहीं हो पाया है। न तो वह हमास को खत्म कर पाया है और न ही बंधक बनाए गए अपने लोगों को छु?ा पाया है। 47 दिन से चल रहे इस युद्ध का एक और सार तत्व जो सामने आ रहा है वह यह कि करीब चौदह हजार लोगों की मौत हो चुकी है और इससे दोगुने घायल हुए हैं। इस युद्ध की एक और बड़ी विसंगति यही है कि मरने वालों में अधिकतर आमजन, महिलाएं और बच्चे हैं। युद्ध अनिवार्य हो सकता है, फिर भी युद्ध के बारे में उसका अंतिम सुझाव या निर्णय यही है कि युद्ध में किसी भी पक्ष की जीत निश्चित हो। लेकिन इस युद्ध में तो कोई भी जीतता हुआ प्रतीत ही नहीं हो रहा है। हिंसा एवं जनसंहार तो निश्चित है पर यह समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। युद्ध आज के विकसित मानव समाज पर कलंक का टीका है। युद्ध करने वाले और युद्ध को प्रोत्साहन देने वाले किसी भी पक्ष को आज तक ऐसा कोई महत्वपूर्ण प्रोत्साहन नहीं मिला, जो उसे गौरवान्वित कर सके। निश्चित ही युद्ध तो बर्बादी है, अशांति है, विकास का अवरोध है, अस्थिरता है और जानमाल की भारी तबाही है। ऐसे युद्ध का अन्तिम निर्णय जब समझौते की टेबल पर ही होना है तो क्यों नहीं पहले ही टेबल पर बैठा जाये? युद्ध तो एक आग है, जो सब कुछ भस्म कर देती है। हम इजरायल-हमास एवं रूस-यूक्रेन के युद्ध में ऐसी ही भारी तबाही, जनसंहार एवं विभीषिका देख रहे हैं। इन दोनों युद्ध से जुड़े अनेक सवाल अहम हैं, लेकिन इनका जवाब देने वाला कोई नहीं है। दो देशों के बीच युद्ध में निर्णायक अथवा मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला संयुक्त राष्ट्र भी युद्ध समाप्त करने की अपील से अधिक कुछ नहीं कर पा रहा। भारत ने भी ऐसे अनूठे प्रयास किये, लेकिन उनकी निर्णायक भूमिका नहीं बन पायी। भले ही भारत के प्रयास सफल न हो रहे हों, लेकिन ऐसे ही प्रयासों की आज प्रासंगिकता है। इन्हीं में युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला है, जो विश्व मानवता के हित में है। भारत ने युद्ध विराम की कोशिशों के साथ मानवीय दृष्टिकोण भी दर्शाया है। भारत ने लगातार पीड़ित लोगों की सहायता के लिये राहत सामग्री एवं दवाइयां भिजवाई हैं। भारत की पहल की संयुक्त राष्ट्र महासभा में रुचिरा कंबोज ने प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय नेतृत्व का संदेश स्पष्ट और सुसंगत रहा है। हम आतंकवाद के सभी स्वरूपों का दृढ़ता से विरोध करते हैं। इस्राइल और हमास के बीच पिछले कई दिनों से युद्ध जारी है, कम्बोज ने भारत के मानवीय आधार पर युद्ध विराम के प्रयासों को सराहा। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय के उन प्रयासों की भी सराहना की है जिनका उद्देश्य तनाव कम करना और फिलीस्तीन के लोगों को तत्काल मानवीय सहायता प्रदान करना है। कंबोज ने 70 टन आपदा राहत सामग्री पहुंचाने सहित फिलीस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इनमें दो किस्तों में 17 टन दवाएं और चिकित्सा आपूर्ति शामिल हैं। युद्ध की स्थितियां लगातार विकराल होती जा रही हैं, इस संघर्ष में एक तरफ है इजरायल की सेना और दूसरी तरफ है आतंकी संगठन हमास, जो फिलीस्तीन को फिर से जिंदा करने के पक्ष में हैं। इजरायल ने हमास को नेस्तनाबूत करने की घोषणा की है, जबकि हमास ने दशकों पहले दुनिया के नक्शे से इजरायल का नामो-निशान मिटा देने की कसम खा रखी है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि क्योंकि उस महिमा को भी जानने का फल यह लीला (इस लीला का अनुभव) ही है, इन्द्रियों का दमन करने वाले श्रेष्ठ महामुनि ऐसा कहते हैं। रामराज्य की सुख सम्पत्ति का वर्णन शेषजी और सरस्वतीजी भी नहीं कर सकते॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सब उदार सब पर उपकारी। बिप्र चरन सेवक नर नारी॥**
**एकनारि ब्रत रत सब झारी। ते मन बच क्रम पति हितकारी॥**

सभी नर-नारी उदार हैं, सभी परोपकारी हैं और ब्राह्मणों के चरणों के सेवक हैं। सभी पुरुष मात्र एक पत्नीव्रती हैं। इसी प्रकार स्त्रियाँ भी मन, वचन और कर्म से पति का हित करने वाली हैं॥

**दो0- दंड जतिन्ह कर भेद जहँ नर्तक नृत्य समाज।**
**जीतहु मनहि सुनिअ अस रामचंद्र कें राज॥**

श्री रामचंद्रजी के राज्य में दण्ड केवल संन्यासियों के हाथों में है और भेद नाचने वालों के नृत्य समाज में है और 'जीतो' शब्द केवल मन के जीतने के लिए ही सुनाई पड़ता है (अर्थात राजनीति में शत्रुओं को जीतने तथा चोर-डाकुओं आदि को दमन करने के लिए साम, दान, दण्ड और भेद- ये चार उपाय किए जाते हैं। रामराज्य में कोई शत्रु है ही नहीं, इसलिए 'जीतो' शब्द केवल मन के जीतने के लिए कहा जाता है। कोई अपराध करता ही नहीं, इसलिए दण्ड किसी को नहीं होता, दण्ड शब्द केवल संन्यासियों के हाथ में रहने वाले दण्ड के लिए ही रह गया है तथा सभी अनुकूल होने के कारण भेदनीति की आवश्यकता ही नहीं रह गई। भेद, शब्द केवल सुर-ताल के भेद के लिए ही कामों में आता है।)।

**फूलहिं फरहिं सदा तरु कानन। रहहिं एक सँग गज पंचानन॥**
**खग मृग सहज बयरु बिसराई। सबन्हि परस्पर प्रीति बढ़ाई॥**

वनों में वृक्ष सदा फूलते और फलते हैं। हाथी और सिंह (वैर भूलकर) एक साथ रहते हैं। पक्षी और पशु सभी ने स्वाभाविक वैर भुलाकर आपस में प्रेम बढ़ा लिया है॥

**कूजहिं खग मृग नाना बृंदा। अभय चरहिं बन करहिं अनंदा॥**
**सीतल सुरभि पवन बह मंदा। गुंजत अलि लै चलि मकरंदा॥**

पक्षी कूजते (मीठी बोली बोलते) हैं, भाँति-भाँति के पशुओं के समूह वन में निर्भय विचरते और आनंद करते हैं। शीतल, मन्द, सुगंधित पवन चलता रहता है। भौंरे पुष्पों का रस लेकर चलते हुए गुंजार करते जाते हैं॥ (क्रमशः...)

# भारत में धड़ल्ले से हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी किया जाना चिंता की बात है

पिछले कुछ समय से भारत सहित, पूरे विश्व में इस्लाम मजहब के अनुयायियों के लिए हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र प्राप्त उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। हालांकि हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के सम्बंध में कोई प्रक्रिया तय नहीं की गई है और न ही सरकारी तौर पर इस सम्बंध में कोई दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, परंतु फिर भी भारत में हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने का कार्य विभिन्न संस्थानों द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा है एवं कई विनिर्माण इकाईयों से भारी भरकम राशि हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में वसूली जा रही है। साथ ही, विनिर्माण इकाईयों पर भी दबाव बनाया जाता है कि वे अपने संस्थानों में इस्लाम मजहब के अनुयायियों की नियुक्ति करें। अब यह भी समझ से परे है कि फैशन, सौंदर्य साधनों, किराने के सामान, सब्जियों, वित्तीय सुविधाओं एवं ढाबे आदि जैसी गतिविधियों को हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र किस प्रकार प्रदान किया जा सकता है? इसी संदर्भ में अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार एवं सुप्रीम कोर्ट ने हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के सम्बंध में जांच के आदेश जारी किए हैं।

दरअसल, इस्लाम मजहब के अनुयायियों के लिए हलाल शब्द बहुत महत्व भरा शब्द है। हलाल का आशय यह बताया जाता है कि मुस्लिम मतावलंबियों के लिए जो वस्तु वैद्य है वह हलाल है और जो वैध नहीं है वह हराम है। ऐसा भी बताया जाता है कि प्रारम्भ में इस्लाम-कुरान में खाने की वस्तुओं, विशेष रूप से मांसाहार, के साथ हलाल शब्द को जोड़ा गया था अर्थात किन वस्तुओं (किस प्रकार के मांसाहार) का खाना हलाल है एवं किन वस्तुओं (किस प्रकार के मांसाहार) का खाना हराम है। परंतु, अब तो हलाल को दैनिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के साथ जोड़ दिया गया है। जैसे हलाल मांस, हलाल फैशन एवं सौंदर्य के साधन, हलाल किराने का सामान, हलाल सब्जियां, हलाल वित्तीय सुविधाएं, हलाल ढाबे, आदि आदि।

कई इस्लामी देशों ने यह तय कर लिया है कि उनके नागरिक केवल हलाल प्रमाणित खाद्य पदार्थों एवं अन्य सुविधाओं का उपयोग करेंगे एवं इन देशों ने हलाल प्रमाणन को कानूनी रूप दे दिया है। कोई उत्पाद हलाल प्रमाणित है इसके लिए बाकायदा विशेष संस्थाओं का गठन किया गया है जोकि हलाल प्रमाणन का प्रमाण पत्र जारी करने में सक्षम है एवं उस प्रमाणन के आधार पर ही सम्बंधित उत्पाद बाजार में बेचा जा सकता है। इन मुस्लिम मजहब बहुल देशों में विदेशों से आयात किए जाने उत्पादों को भी हलाल प्रमाणन के लिए प्रमाण पत्र सबंधित संस्थानों से लेना आवश्यक होता है ताकि ये कम्पनियां अपने उत्पादों को इन इस्लामी देशों को निर्यात कर सकें। चूंकि पूरे विश्व में 50 से अधिक इस्लामी देश हैं एवं मुस्लिम मजहब को मानने वाली बहुत बड़ी आबादी इन देशों में निवास करती है अतः गैर इस्लामी देशों की कम्पनियों को भी हलाल प्रमाणित उत्पाद ही इन देशों को भेजने होते हैं।

वैसे तो हलाल प्रमाणित वस्तुओं का चलन इस्लामी देशों में बहुत लम्बे समय से चला आ रहा है। परंतु हाल ही के समय में इसका कार्य क्षेत्र




**दरअसल, इस्लाम मजहब के अनुयायियों के लिए हलाल शब्द बहुत महत्व भरा शब्द है। हलाल का आशय यह बताया जाता है कि मुस्लिम मतावलंबियों के लिए जो वस्तु वैद्य है वह हलाल है और जो वैध नहीं है वह हराम है।**

बढ़ाकर इसे गैर इस्लामी देशों में भी तेजी से फैलाया गया है अर्थात मुस्लिम मजहब के मतावलंबियों को यह प्रेरणा दी जाती है कि वे केवल हलाल प्रमाणित वस्तुओं एवं सेवाओं का ही उपयोग करें। वर्ष 1945 में दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केपटाउन में मुस्लिम जुडीशियल कौंसिल हलाल ट्रस्ट की स्थापना की गई थी। इसके बाद हलाल पंजीयन की शुरुआत थाईलैंड में वर्ष 1969 में हुई जो केवल कुवैत में मुर्गी पालन उद्योग से निर्मित पदार्थों के निर्यात तक सीमित था। एक सुनियोजित इस्लाम केंद्रित व्यापार की वास्तविक शुरुआत दक्षिण पूर्वी एशिया के एक देश मलेशिया से हुई थी। वहां वर्ष 1974 में एक डिपार्टमेंट ऑफ इस्लामिक डेवलपमेंट मलेशिया की स्थापना की गई। यह विश्व का ऐसा पहला देश था, जिसने हलाल व्यापार को परिभाषित करने का एक कानून बना दिया। इस प्रक्रिया की गति इतनी तीव्र थी कि वर्ष 1980 तक मलेशिया को ग्लोबल हलाल हब बनाने के प्रयासों को आकार दिया जाने लगा था। वर्तमान में डिपार्टमेंट ऑफ इस्लामिक डेवलपमेंट मलेशिया का नेटवर्क लगभग 45 देशों में फैला हुआ है और कुल लगभग 78 हलाल पंजीयन संस्थाएं इससे जुड़ी हुई हैं। भारत की भी तीन प्रमुख संस्थाएं- हलाल इंडिया, जमियत उलेमा हलाल फाउंडेशन, जमियत उलेमा ए हिंद हलाल ट्रस्ट इसके सदस्य रहे हैं। अब तो विश्व के लगभग सभी इस्लामी देशों एवं अन्य कई गैर इस्लामी देशों में भी हलाल प्रमाणन संस्थाओं का गठन किया जा चुका है।

हलाल प्रमाणन संस्थाएं हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के पूर्व एक मोटी रकम विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन करने वाली संस्थाओं से हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में लेती हैं। हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने वाली इन संस्थाओं की आय आज करोड़ों अमेरिकी डॉलर में हो गई है। दीनार स्टैंडर्ड, द कैपिटल ऑफ इस्लामिक इकॉनमी और सलाम गेटवे द्वारा प्रकाशित स्टेट आफ ग्लोबल इस्लामिक इकॉनमी रिपोर्ट 2018-19 के अनुसार, हलाल अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की आय अब अरबों डॉलर में पहुंच गई है और अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्रों की आय इस प्रकार बताई गई है- हलाल ट्रैवल क्षेत्र- 17,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर; हलाल फूड क्षेत्र- 130,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर; हलाल वित्तीय क्षेत्र- 243,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर; हलाल फैशन क्षेत्र- 27,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर, हलाल फार्मा क्षेत्र- 8,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर; हलाल कासमेटिक क्षेत्र- 6,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर। अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि हलाल प्रमाणित व्यापार यदि इसी रफ्तार से आगे बढ़ता रहा तो वर्ष 2023 तक हलाल अर्थव्यवस्था का अनुमानित व्यापार 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा, जोकि विश्व के कई विकसित देशों जैसे कनाडा, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, इटली, स्पेन, आदि के सकल घरेलू उत्पाद से भी कहीं अधिक होगा।

विश्व में चूंकि मुस्लिम मतावलंबियों की संख्या बहुत अधिक है अतः अब विभिन्न वस्तुओं एवं सेवाओं को धर्म के आधार पर बेचे जाने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि मुस्लिम मतावलंबियों द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं को मुस्लिम संस्थानों द्वारा ही निर्मित किया जा सके एवं अगर अन्य धर्मों को मानने वाले अनुयायियों द्वारा इन उत्पादों का निर्माण किया जाता है और यदि वे अपने उत्पादों को मुस्लिम मतावलंबियों के बीच बेचना चाहते हैं तो उनके लिए भी हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक हो जाए। इस प्रकार, विभिन्न उत्पाद निर्माण करने वाली कम्पनियों को अपने व्यापार का विस्तार करने के उद्देश्य से हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र लेना अब एक आवश्यकता बन चुका है। भारत में तो कई मुस्लिम बुद्धिजीवियों द्वारा पतंजलि संस्थान द्वारा निर्मित आयुर्वेदिक उत्पादों को मुस्लिम मजहब के अनुयायियों द्वारा उपयोग किए जाने को निरुत्साहित किया जाता है एवं केवल हलाल प्रमाणित वस्तुओं एवं सेवाओं के उपयोग हेतु ही प्रेरणा दी जाती है। परंतु, वहीं चीन की कई कम्पनियां समस्त उत्पादों का हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र प्राप्त कर भारत में अपने उत्पाद बहुत ही आसानी बेचकर व्यापार कर रही हैं और चीन में मुस्लिम मतावलंबियों को समाप्त कर रही हैं अर्थात उनके चिन्ह जैसे मस्जिद, दाढ़ी, टोपी, आदि को समाप्त कर रही हैं। भारत में मुस्लिम मतावलंबी चीनी सामान को बढ़ावा दे रहे हैं और जो भारत मुस्लिमों को सबसे अधिक सुविधाएं देता है, उस सहिष्णु भारत के व्यापारियों का विरोध कर रहे हैं। आज पूरे विश्व में इस्लाम के सभी फिकरे केवल और केवल भारत में ही रहते हैं एवं ये सभी फिकरे भारत में एकदम सुरक्षित हैं वरना कई इस्लामी देशों में तो ये आपस में ही लड़-भिड़ रहे हैं। विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के क्षेत्रों यथा, हलाल मांस, हलाल फैशन एवं सौंदर्य के अन्य साधन, हलाल किराने का सामान, हलाल सब्जियां, हलाल वित्तीय सुविधाएं, हलाल ढाबे आदि में हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र प्रदान करने के पूर्व किस प्रकार की प्रक्रिया अपनायी जानी चाहिए इसे अब निर्धारित करने का समय आ गया है एवं इस सम्बंध में दिशा-निर्देश जारी किये जाने चाहिए एवं यह दिशा-निर्देश पूरे विश्व में हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने वाली संस्थाओं पर समान रूप से लागू किए जाने चाहिए। दरअसल, अब खाने पीने की वस्तुओं एवं सेवाओं के लिए भी हलाल प्रमाणन संस्थाएं हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी कर रही हैं। यदि खाने पीने की वस्तुओं के लिए हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र एक निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत जारी नहीं किए जाते हैं तो इन वस्तुओं का उपयोग करने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य सम्बंधी परेशानी खड़ी हो सकती है एवं इनका जीवन ही खतरे में पड़ सकता है। दूसरे, हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने वाले संस्थानों की आय में बेतहाशा वृद्धि को देखते हुए अब यह आवश्यक हो गया है कि विभिन्न देशों द्वारा स्थानीय स्तर एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस आय का उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है इस सम्बंध में भी नियम बनाए जाने चाहिए क्योंकि चीन में हलाल राशि इस्लाम को कुचलने के काम आती है, यूरोपीयन देशों में हलाल राशि वामपंथी-पूंजीपतियों के द्वारा वैश्विक षड्यंत्र के काम आती है और कुछ मुस्लिम देशों में हलाल की कुछ राशि इस्लामिक जिहाद के लिए काम आती है।

**-प्रह्लाद सबनानी**
सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक
भारतीय स्टेट बैंक

## व्यंग्य
# खेल हारने के कारण

पारम्परिक नाटकीयता, भावनाओं के मैदान के बावजूद हार मिली। कथित सर्वश्रेष्ठता की शहनाई खूब बजाई, खूब भुजाएं फड़काई। मगर जैसे जैसे विकट समय आया, मन खट्टा होता गया लेकिन खेल तो खेल होता है। खेल सभी को खेलने का मौका देता है। किसी को जिता देता है किसी को हरा। भावना खिलाड़ी नहीं बन पाती। अब मीडिया और विशेषज्ञ इस बात पर बात कर रहे कि कमी कहां रह गई। क्या, कैसे होना चाहिए था। यह तो पीला होना था हरा क्यूं दिख रहा है। चैनल्स पर समझा दिया जाएगा कि अपनी गलतियों से सबक लेना चाहिए हालांकि सबक तो चैनल्स वाले भी नहीं लेते। संकल्प लेकर घोषणा की जाएगी, चाहे कुछ हो जाए, आसमान का रंग काला हो जाए तो क्या अगला कप विश्वकप, विश्वगुरु ही जीतेंगे।

प्रेरित करना शुरू कर दिया है कि तैयारी अभी से शुरू कर देनी चाहिए। एक प्रखर विशेषज्ञ ने कहा कि इस मामले में सीधी और स्पष्ट गलती यहां आकर खेलने और जीतने वालों की है। उन्हें सोचना चाहिए था कि वे मेहमान हैं, हमारे यहां पकाया स्वादिष्ट खाना खा रहे हैं। आव भगत में कोई कमी नहीं है। मेजबान दस बार जीत चुके हैं जिनका आत्मविश्वास पता नहीं कौन से आसमान पर है। उन्हें आदरसहित, सहिष्णु, गरिमामय शैली में इस तरह खेलना चाहिए था कि हार जाएं। लेकिन उन्होंने बड़ी चतुराई से काम लिया। वे सभी तरह की तैयारी करके आए थे। उन्होंने शांत और सौम्य रहकर दर्शकों की शुभ या अशुभ कामनाओं की परवाह न करते हुए परिणाम रच दिया। वैसे तो हर जीतने वाला ऐसी ही बातें करता है।




इसमें पिच की गलती भी है जिसने हमें डिच किया। उसे अपनी मिटटी का साथ देना चाहिए था क्यूंकि वह मिटटी सदियों से हमारी है। हमारी मेहनत और पडोस की नदी के जल से उसे सींचा है। लेकिन पिच तो दोनों टीमों के लिए एक जैसी रही। गेंद हमारे पक्ष में रहती तो बेहतर परिणाम हो सकते थे लेकिन उसने भी फेंकने वाले की उँगलियों के कौशल का साथ दिया। हमारे यहां भविष्य बताने वाले एक से एक धुरंधर हैं, फुटबाल वालों की तरह उनसे बात कर लेते। पूछकर उपाय कर लेते तो टॉस हमारी इच्छानुसार होता, हम निश्चय लेते कि हम पहले क्या करेंगे। लेकिन सुभाग्य ने उनका साथ दिया और अच्छा वक्त उनके साथ रहा।

मीडिया और उसके मित्रों ने काफी मदद की। कहते हैं जीवन में उत्साह होना चाहिए लेकिन उन्माद और पागलपन नहीं। लेकिन क्या करें जब हैरान, परेशान होने की आदत हो। दीवानगी पसंद हो, मातम के मौसम में भी। हम तो गालियों से भी हिसाब किताब कर लेते हैं। इस दौरान दूसरी तरह की सब चिंताएं सताना बंद कर देती हैं। हालांकि हमारे प्रसिद्ध लोग भी कहते हैं कि हम खेल देखने जाएं तो हार होती है। इस बार तो वह भी नहीं गए, हां दूसरे महाप्रसिद्ध जरूर वहां थे। कहीं हमारा विज्ञापनी जीवन तो वहां प्रवेश नहीं कर गया, उसके साथ लापरवाही भी। दोनों ने मिलकर मस्ती शुरू कर दी होगी। शायद ठीक से नहाए नहीं होंगे। कुछ गलत तो नहीं खा लिया कहीं। हम तो शाकाहारी हैं। खेल को भी जिमीकंद समझते हैं जिसे हमारे से अच्छा कोई नहीं पका सकता। गलत फहमियां भी तो जिंदगी का हिस्सा हैं। खैर... खेल तो खेल है। जीतेगा वही जो खेलेगा।

– संतोष उत्सुक

## राशिफल

कार्तिक शुक्ल-एकादशी (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान की स्थिति पहले से बेहतर हो चुकी है और व्यापार भी पहले से बेहतर हो चुका है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)** शत्रु पराजित निश्चित है। फिर भी थोड़ा डिस्टर्बेंस बना रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम और प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)** रुका हुआ कार्य स्ट्रगल के साथ चल पड़ेगा। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान अच्छा और व्यापार भी अच्छा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)** भावनाओं में बहकर कोई निर्णय मत लीजिएगा। लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत कीजिए।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)** गृह-कलह से बचें। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। प्रेम-संतान मध्यम रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम-संतान ठीक-ठाक और व्यापार अच्छा रहेगा। लाल वस्तु का दान करें।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)** तन और मन का तापमान बढ़ा रहेगा। थोड़ा-सा धैर्य के साथ चिड़चिड़ापन पर काबू रखिए। निवेश करने से बचिए।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)** परिस्थितियां थोड़ी अनुकूल दिख रही हैं जीवन में। जिस चीज की जरूरत होगी, उसकी उपलब्धता होगी जीवन में।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)** मन चिंतित रहेगा। अज्ञात भय सताएगा। खर्च की परेशानी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान मध्यम और व्यापार लगभग ठीक है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)** आय में आशातीत बढ़ोत्तरी होगी। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक लाभ, स्वास्थ्य, प्रेम और व्यापार अच्छा दिख रहा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)** सरकारी तंत्र का लाभ मिलेगा। राजनीतिक लाभ होंगे। व्यावसायिक सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान अच्छा और व्यापार भी अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)** भाग्य साथ देगा। यात्रा में लाभ होगा। धार्मिक बने रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम , प्रेम-संतान अच्छा और व्यापार भी अच्छा है।

# संगम प्रयागराज, वाराणसी व हरिद्वार में हुआ सहाराश्री का अस्थि विसर्जन



**लखनऊ ( ब्यूरो )।** सहाराश्री सुब्रत रॉय सहारा का अस्थि विसर्जन पवित्र गंगा नदी में हरिद्वार, वाराणसी व प्रयागराज के संगम में उनके छोटे भाई जयब्रत रॉय, ओ.पी. श्रीवास्तव उप–प्रबंध कार्यकर्ता सहारा इंडिया परिवार व सहारा इंडिया परिवार के अन्य वरिष्ठ सदस्यों जिनमें सहाराश्री के भांजे व भतीजे शामिल हैं के द्वारा किया गया। अस्थि विसर्जन हरिद्वार में किया गया एवं 21 नवम्बर को प्रयागराज संगम व वाराणसी में किया गया था। हर एक शहर में सहारा के कार्यकर्ताओं और लोगों ने हजारों की संख्या में एकत्रित होकर अस्थि विसर्जन किया। 29 नवम्बर 2023 को ऐम्बी वैली में भी सहाराश्री का अस्थि विसर्जन किया जाएगा।

सहाराश्री का निधन 14 नवम्बर 2023 को कार्डियोरेस्पिरेटरी अरेस्ट से मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल व मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट में हुआ था।

सहाराश्री को महानायक अमिताभ बच्चन, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ब्रजेश पाठक, बैडमिंटन खिलाड़ी सुश्री पीवी सिंधु, युवराज सिंह, सुश्री सायना नेहवाल, पुलेला गोपीचंद, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख, अनुपम खेर, सोनू निगम, मधुर भंडारकर, सुश्री स्मिता ठाकरे, ब्रायन सिलास दपियानोवादक व अनेक लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

# स्कूल गई किशोरी का अपहरण

## नोएडा से दो किशोरियां गायब

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग–अलग थाना क्षेत्र से एक छात्र सहित तीन किशोरी संदिग्ध स्थिति में लापता हो गई किशोरियों के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है।

ग्रेटर नोएडा डी ब्लॉक निवासी राकेश (काल्पनिक नाम) ने थाना बीटा–2 में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी 20 नवंबर को घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। दोपहर के समय स्कूल की छुट्टी होने के बाद वह घर वापस नहीं लौटी। घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इस दौरान परिजनों को पता चला कि उनकी बेटी को बड़ोदरा गुजरात निवासी हर्षद कुमार बहला फुसलाकर कर अपने साथ ले गया है। हर्षद कुमार उनके पड़ोस में ही पिछले कुछ दिनों से रह रहा था।

थाना सूरजपुर क्षेत्र के कस्बे में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी (15 वर्षीय) बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में अपने रिश्तेदार गौरव पुत्र जामन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि बेटी के गायब होने पर के बाद उसने जब गौरव के पिता से इस बारे में बात की तो उसने गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

वहीं थाना सेक्टर–126 के ग्राम शाहपुर में किराए पर रहने वाले रमेश (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके (16 वर्षीय) बेटी 16 नवंबर को घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है पुलिस आरोपी युवकों व किशोरियों की तलाश कर रही है।


## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. 2023-नवम्बर-03 दिनांकः 21.11.2023

### ई-निविदा सूचना

**मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा** द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली निविदा" ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र सं. | निविदा सं. | कार्य का विवरण | |
|---|---|---|---|
| 1 | 2023-नवम्बर-03-01 | आगरा कैन्ट - धौलपुरः सहा. मंडल इंजीनियर धौलपुर के क्षेत्राधिकार में ट्रैस पासिंग तथा अतिक्रमण रोकने के लिए बची हुई विभिन्न लोकेशन पर आर. सी. सी. बाउन्ड्री वॉल का निर्माण। | अनुमानित लागत रू. 282343150.04 |
| 2 | 2023-नवम्बर-03-02 | (अ) बिल्लोचपुरा- मथुराः सैंस मरम्मत कार्य 50 किमी. (ब) बिल्लोचपुरा - मथुरा में सैंस रोड | अनुमानित लागत रू. 20052261.63 |
| 3 | 2023-नवम्बर-03-03 | रूनकता, बाद, गोवर्धन, डीग, बृजनगर, रामगढ़, ऊँटवाड़ में ट्रैक मशीन स्टेबलाइजिंग साइडिंग का प्रावधान। | अनुमानित लागत रू. 16204212.65 |
| 4 | 2023-नवम्बर-03-04 | अ. मथुरा अछनेरा खंड में सब वे संख्या 362 पर बॉक्स पुलिया के द्वारा जल निकास में सुधार। ब. मथुरा - पलवलः डाट पुल संख्या 1433/3 अप व डाउन विस्तार 1x0.47 मी. तथा अन्य छोटे पुलों का आर. सी. सी. बॉक्स पुलिया से बदलाव। स. मथुरा-पलवल खंड में पुल सं. 1436/2 पुनर्वास के साथ बचाव इत्यादि कार्य। | अनुमानित लागत रू. 39371753.37 |
| 5 | 2023-नवम्बर-03-05 | मथुरा - अछनेरा खंड में समपार सं. 359, मथुरा - अलवर खंड में समपार 22 व 59 तथा आगरा - पलवल खंड में समपार सं. 507, 513 तथा 535 पर रबराइज्ड़ सतह का प्रावधान। | अनुमानित लागत रू. 18113562.96 |
| 6 | 2023-नवम्बर-03-06 | जाडोली का बासः जाडोली का बास स्टेशन पर ए एन्ड डी साइडिंग के विस्तार से गुड्स साइडिंग का प्रावधान (सिविल कार्य) | अनुमानित लागत रू. 12810171.98 |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल वेब पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से **दिनांक 12.12.2023 को 15:00 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। 1905/23(K)

@northcentralrailway | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR



# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2023

दीपावली व छठ त्यौहारों के उपरांत यात्रा करने वाले रेलयात्रियों की भारी संख्या के सुगम आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | गुरुवार, रविवार | 23.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | पटना जं. | 17:20 | | शुक्रवार, सोमवार | 24.11.2023 से 11.12.2023 |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 से 09.12.2023 |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03635 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 08.12.2023 तक |
| 03636 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:00 | गया जं. | 20:45 | | मंगलवार, गुरुवार, शनिवार | 09.12.2023 तक |
| 05557 | जयनगर | 06:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 05.12.2023 तक |
| 05558 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:30 | जयनगर | 06:30 | | बुधवार | 06.12.2023 तक |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं. | 13:25 | पटना जं. | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 04677 | पटना जं. | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं. | 22:40 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04012 | नई दिल्ली | 19:20 | दरभंगा जं. | 16:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2023 तक |
| 04011 | दरभंगा जं. | 18:00 | नई दिल्ली | 16:40 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2023 तक |
| 04518 | चंडीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चंडीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04530 | भटिंडा जं. | 20:55 | वाराणसी जं. | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 04529 | वाराणसी जं. | 20:40 | भटिंडा जं. | 19:10 | | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2023 तक |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2023 तक |
| 04488 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 04487 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 01664 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:10 | सहरसा जं. | 11:20 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01663 | सहरसा जं. | 14:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:55 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 27.11.2023 से 11.12.2023 |
| 05577 | सहरसा जं. | 19:10 | अम्बाला कैंट जं. | 23:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 से 08.12.2023 |
| 05578 | अम्बाला कैंट जं. | 03:40 | सहरसा जं. | 09:45 | | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05531 | रक्सौल जं. | 22:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05532 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:00 | रक्सौल जं. | 14:30 | | सोमवार | 27.11.2023 से 11.12.2023 |
| 05273 | मुजफ्फरपुर जं. | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 09.12.2023 तक |
| 05274 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:25 | मुजफ्फरपुर जं. | 07:00 | | गुरुवार, रविवार | 23.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं. | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05006 | अमृतसर जं. | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 04049 | नई दिल्ली | 23:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शनिवार | 27.11.2023 तक |
| 04050 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:30 | नई दिल्ली | 06:25 | | मंगलवार, रविवार | 28.11.2023 तक |
| 04080 | नई दिल्ली | 19:20 | वाराणसी जं. | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, गुरुवार, शनि | 30.11.2023 तक |
| 04079 | वाराणसी जं. | 18:35 | नई दिल्ली | 09:00 | | मंगल, शुक्रवार, रवि | 01.12.2023 तक |
| 01654 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:20 | वाराणसी जं. | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 01653 | वाराणसी जं. | 06:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:20 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं. | 12:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04645 | बरौनी जं. | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04066 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:00 | पटना जं. | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04065 | पटना जं. | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:35 | | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:05 | बरौनी जं. | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.23 एवं 03, 10.12.23 |
| 04061 | बरौनी जं. | 08:00 | दिल्ली जं. | 05:50 | | सोमवार | 27.11.23 एवं 04, 12.12.23 |
| 01676 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 01675 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 01678 | नई दिल्ली | 08:10 | गया जं. | 00:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 24, 27.11.23 एवं 01, 04.12.23 |
| 01677 | गया जं. | 07:35 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगलवार, शनिवार | 25, 28.11.23 एवं 02, 05.12.23 |
| 02250 | नई दिल्ली (राजधानी स्पेशल) | 19:10 | पटना जं. | 07:30 | दिन वार | वीर, शनि, सोम, बुध | 23, 25, 27 एवं 29.11.23 |
| 02249 | पटना जं. (राजधानी स्पेशल) | 09:00 | नई दिल्ली | 21:00 | | शुक्र, रवि, मंगल, वीर | 24, 26, 28 एवं 30.11.23 |
| 05283 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 18.12.2023 तक |
| 05284 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:25 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 07:00 | | गुरुवार, रविवार | 19.12.2023 तक |
| 09097 | बान्द्रा टर्मिनस | 21:50 | जम्मू तवी | 08:35 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 09098 | जम्मू तवी | 23:20 | बान्द्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 10:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09524 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:30 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति स्पेशल) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | | प्रतिदिन | 30.11.2023 तक |
| 02245 | पटना जं. (गति शक्ति स्पेशल) | 19:00 | नई दिल्ली | 10:30 | | प्रतिदिन | 01.12.2023 तक |
| 05734 | कटिहार | 07:50 | अमृतसर | 00:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 05733 | अमृतसर | 12:45 | कटिहार | 03:30 | | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 04527 | सहरसा जं. | 19:00 | अम्बाला कैंट | 22:20 | दिन वार | वीर, रवि, बुध | 23, 26 एवं 29.11.2023 |
| 04528 | सरहिंद | 11:25 | सहरसा जं. | 16:00 | दिन वार | शनि, मंगल | 25 एवं 28.11.2023 |
| 04490 | नई दिल्ली | 19:35 | दरभंगा | 16:45 | दिन वार | शुक्र, सोम, वीर | 24, 27 एवं 30.11.2023 |
| 04489 | दरभंगा | 18:00 | नई दिल्ली | 16:40 | | शनि, मंगल, शुक्र | 25, 28.11.23 एवं 01.12.23 |
| 04115 | प्रयागराज जं. | 21:25 | आनन्द विहार (ट) | 08:15 | दिन वार | वीरवार | 23.11.2023 |
| 04116 | आनन्द विहार (ट) | 10:15 | प्रयागराज जं. | 20:00 | | शुक्रवार | 24.11.2023 तक |
| 05023 | गोरखपुर जं. | 20:55 | दिल्ली जं. | 12:30 | साप्ताहिक | रविवार | 03.12.2023 तक |
| 05024 | दिल्ली जं. | 14:30 | गोरखपुर जं. | 07:30 | | सोमवार | 04.12.2023 तक |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार (ट) | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05116 | आनन्द विहार (ट) | 14:45 | छपरा | 09:30 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 05306 | लाल कुँआ | 22:00 | छपरा | 07:10 | दिन वार | मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 29.12.2023 तक |
| 05305 | छपरा | 08:55 | लाल कुँआ | 18:00 | | बुध, गुरु, शनि, सोम | 30.12.2023 तक |
| 02248 | आनंद विहार (टर्मिनल) | 00:30 | पटना जं. | 16:30 | दिन वार | वीरवार, शनिवार, वीरवार | 23, 25 एवं 30.11.2023 |
| 02247 | पटना जं. | 19:10 | आनंद विहार (टर्मिनल) | 10:50 | | वीरवार, शनिवार, वीरवार | 23, 25 एवं 30.11.2023 |
| 09129 | वडोदरा | 19:00 | हरिद्वार | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 09130 | हरिद्वार | 17:20 | वडोदरा | 11:25 | | रविवार | 26.11.2023 |
| 05065 | गोरखपुर जं. | 23:00 | नई दिल्ली | 12:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 |
| 05066 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 04:15 | | गुरुवार | 30.11.2023 |
| 05069 | गोरखपुर जं. | 08:00 | नई दिल्ली | 22:05 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 05070 | नई दिल्ली | 00:30 | गोरखपुर जं. | 14:45 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05071 | गोमती नगर | 23:00 | नई दिल्ली | 08:15 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 05072 | नई दिल्ली | 10:00 | छपरा जं. | 04:15 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05159 | छपरा जं. | 23:55 | नई दिल्ली | 20:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 05160 | नई दिल्ली | 00:30 | छपरा जं. | 19:25 | | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 09557 | भावनगर | 10:10 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 एवं 01.12.2023 |
| 09558 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | भावनगर | 10:00 | | शनिवार | 25.11.2023 एवं 02.12.2023 |
| 05527 | दरभंगा जं. | 13:15 | दिल्ली जं. | 13:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 23.11.2023 से 07.12.2023 |
| 05528 | दिल्ली जं. | 15:30 | दरभंगा जं. | 15:45 | | शुक्रवार | 24.11.2023 से 08.12.2023 |
| 03227 | आरा जं. (अनारक्षित विशेष) | 15:45 | आनन्द विहार (ट) | 07:15 | दिन वार | बुध, शनि, | 25, 29.11.23 एवं 02.12.23 |
| 03228 | आनन्द विहार (ट) (अनारक्षित विशेष) | 09:30 | आरा जं. | 04:00 | | रवि, वीर | 23, 26, 30.11.23 एवं 03.12.23 |
| 04018 | नई दिल्ली | 14:55 | बापूधाम मोतिहारी | 12:15 | दिन वार | मंगल, शुक्र, सोम | 24 एवं 27.11.2023 |
| 04017 | बापूधाम मोतिहारी | 15:00 | नई दिल्ली | 13:15 | | बुध, शनि, मंगल | 25 एवं 28.11.2023 |
| 04028 | आनन्द विहार (ट) | 01:00 | बापूधाम मोतिहारी | 23:30 | दिन वार | मंगल, शुक्र, सोम | 24 एवं 27.11.2023 |
| 04027 | बापूधाम मोतिहारी | 02:30 | आनन्द विहार (ट) | 23:45 | | बुध, शनि, मंगल | 25 एवं 28.11.2023 |
| 02351 | पटना जं. | 16:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 06:00 | दिन वार | वीर, शनि, सोम, बुध, शुक्र | 23, 25, 27, 29.11.23 एवं 01.12.2023 |
| 02352 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | पटना जं. | 21:55 | | शुक्र, रवि, मंगल, गुरु, शनि | 24, 26, 28, 30.11.23 एवं 02.12.23 |
| 05315 | छपरा जं. | 11:15 | दिल्ली जं. | 11:20 | दिन वार | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05316 | दिल्ली जं. | 14:00 | छपरा जं. | 13:20 | | बुधवार, शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 05089 | बनारस | 21:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 |
| 05090 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 18:15 | बनारस | 09:50 | | बुधवार | 29.11.2023 |
| 05464 | वाराणसी शहर | 10:40 | जौनपुर | 13:00 | सप्ताह में छ दिन | शुक्रवार के अलावा | 30.11.2023 तक |
| 05463 | जौनपुर | 13:20 | वाराणसी शहर | 15:30 | | वीरवार के अलावा | 30.11.2023 तक |
| 02365 | राजगीर | 20:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार और मंगलवार | 09.12.2023 तक |
| 02366 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:45 | राजगीर | 19:10 | | रविवार और बुधवार | 10.12.2023 तक |
| 05473 | जौनपुर जं. | 13:20 | औंड़िहार जं. | 14:40 | साप्ताहिक | वीरवार | 30.11.2023 तक |
| 05474 | औंड़िहार जं. | 11:35 | जौनपुर जं. | 13:00 | | शुक्रवार | 30.11.2023 तक |
| 05073 | गोरखपुर | 20:55 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 12:30 | दिन वार | शुक्रवार | 24.11.2023 |
| 05074 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 14:30 | गोरखपुर | 07:30 | | शनिवार | 25.11.2023 |
| 05075 | छपरा जं. | 17:45 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 14:00 | दिन वार | वीरवार | 23.11.2023 |
| 05076 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 16:00 | छपरा जं. | 09:30 | | शुक्रवार | 24.11.2023 |
| 05041 | छपरा कचहरी | 09:30 | अमृतसर जं. | 14:00 | दिन वार | शनिवार | 25.11.2023 |
| 05042 | अमृतसर जं. | 17:45 | छपरा कचहरी | 22:00 | | रविवार | 26.11.2023 |
| 05571 | जयनगर | 06:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:00 | दिन वार | वीरवार | 23.11.2023 |
| 04002 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:55 | पटना जं. | 15:45 | | प्रतिदिन | 30.11.2023 तक |
| 04001 | पटना जं. | 18:45 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 10:20 | | प्रतिदिन | 01.12.2023 तक |
| 04006 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर | 23:45 | दिन वार | शुक्र, सोम, वीर | 24, 27 एवं 30.11.23 |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं. | 01:30 | | वीर, रवि, बुध, शनि | 23, 26, 29.11.23 एवं 02.12.23 |
| 04022 | नई दिल्ली | 15:30 | सहरसा जं. | 16:30 | | प्रतिदिन | 30.11.2023 तक |
| 04021 | सहरसा जं. | 19:00 | नई दिल्ली | 20:20 | | प्रतिदिन | 01.12.2023 तक |
| 04526 | सरहिन्द जं. | 11:25 | सहरसा जं. | 16:00 | दिन वार | वीर, रवि, बुध | 23, 26 एवं 29.11.2023 |
| 04525 | सहरसा जं. | 19:00 | अंबाला कैंट | 22:20 | | शुक्र, सोम, वीर | 24, 27 एवं 30.11.2023 |
| 05529 | दरभंगा जं. | 19:30 | आनन्द विहार (ट.) | 16:30 | दिन वार | वीर, रवि, बुध | 23, 26 एवं 29.11.2023 |
| 05530 | आनन्द विहार (ट.) | 18:30 | दरभंगा जं. | 16:00 | | शुक्र, सोम, वीर | 24, 27 एव 30.11.2023 |
| 05559 | दरभंगा जं. | 19:30 | आनन्द विहार (ट.) | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, सोमवार | 24.11.2023 से 04.12.2023 |
| 05560 | आनन्द विहार (ट.) | 18:30 | दरभंगा जं. | 16:00 | | शनिवार मंगलवार | 25.11.2023 से 05.12.2023 |
| 05565 | सहरसा जं. | 19:30 | अंबाला कैंट जं. | 23:15 | दिन वार | वीरवार | 23.11.2023 तक |
| 05566 | अंबाला कैंट जं. | 03:40 | सहरसा जं. | 09:45 | | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 04073 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | दिन वार | शुक्रवार | 24.11.2023 तक |
| 04074 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:50 | नई दिल्ली | 06:45 | | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 04215 | वाराणसी ट. | 16:00 | आनन्द विहार (ट.) | 08:45 | दिन वार | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 04216 | आनन्द विहार (ट.) | 10:45 | वाराणसी ट. | 02:00 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 04217 | वाराणसी ट. | 16:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 19:50 | दिन वार | शुक्रवार | 24.11.2023 तक |
| 04218 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:20 | वाराणसी ट. | 00:30 | | सोमवार | 27.11.2023 तक |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 09076 | काठगोदाम | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 07651 | जालना | 23:35 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 07652 | छपरा | 22:15 | पुणे | 04:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05063 | छपरा | 16:15 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 07:25 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05064 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 12:45 | सीवान जं. | 03:15 | साप्ताहिक | रविवार | 03.12.2023 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं. | 09:10 | पटना जं. | 21:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 09418 | पटना जं. | 23:45 | अहमदाबाद जं. | 11:20 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 05616 | गुवाहाटी | 18:00 | उदयपुर शहर | 21:05 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 05615 | उदयपुर शहर | 13:45 | गुवाहाटी | 23:30 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05537 | दरभंगा जं. | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.12.2023 तक |
| 05538 | दौराई | 23:45 | दरभंगा जं. | 06:50 | | रविवार | 10.12.2023 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:35 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 09525 | ओखा | 22:00 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | ओखा | 03:35 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 02575 | हैदराबाद | 21:05 | गोरखपुर | 06:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 तक |
| 02576 | गोरखपुर | 08:30 | हैदराबाद | 16:20 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 01053 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 12:15 | बनारस | 16:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 23:55 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 01431 | पुणे | 16:15 | गोरखपुर | 21:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 01432 | गोरखपुर | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 05303 | गोरखपुर | 08:30 | महबूबनगर | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 05304 | महबूबनगर | 18:00 | गोरखपुर | 09:00 | | सोमवार | 04.12.2023 तक |
| 05068 | गोमती नगर | 18:55 | मालतीपाटपुर | 04:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 05067 | मालतीपाटपुर | 10:00 | गोमती नगर | 20:00 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | कटिहार | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 09190 | कटिहार | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09101 | वडोदरा | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 09102 | गोरखपुर | 05:00 | वडोदरा | 08:35 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05182 | प्रयागराज जं. | 08:40 | मऊ जं. | 13:15 | दिन वार | गुरुवार | 23.11.2023 को |

22.11.2023 तक की स्थिति

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# देवतुल्य कार्यकर्ताओं के बल पर फिर बनेगी सरकार : डा. महेश शर्मा

## वोटर चेतना को लेकर हुई भाजपा की बैठक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ. महेश शर्मा व भाजपा के नवनियुक्त जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने जिला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर कार्यकर्ताओं के साथ 'वोटर चेतना महाभियान' को लेकर बैठक की।



बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने व संचालन दीपक भारद्वाज, रवि जिन्दल ने किया। बैठक में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है देवतुल्य कार्यकर्ताओं के बल पर पूर्णबहुमत की केन्द्र व प्रदेश में सरकार बनी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा सभी कार्यकर्ता 'वोटर चेतना महाभियान' के तहत बूथ-बूथ जाकर नई वोट बनवाने के कार्य में लगे। नवनियुक्त जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वोटर चेतना महाभियान में लगकर 18 वर्ष के बच्चों की वोटे बनवाये और 2024 लोकसभा चुनाव के लिये लग जायें। हर घर सरकार की उपलब्धि और पार्टी की रीति-नीति के विषय में बतायें और हमारी पार्टी ने जो पिछले चुनाव के घोषणा पत्र की सभी योजनाओं को पूरा किया है। हमारी सरकार में अखण्ड भारत के लिये धारा-370 को हटाना, राम मन्दिर का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है जिसका शिलान्यास 22 जनवरी 2024 को होगा।

जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता वोटर चेतना महाअभियान के लिये विशेष 24 व 25 नवम्बर व दो तीन दिसंबर को बूथ पर वोट बनवाने के कार्य में जुटें।

बैठक में मुख्य रूप से बिजेंद्र भाटी पिछड़ा आयोग सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष विजय भाटी गीता पंडित मुकेश शिशोदिया जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज धर्मेन्द्र कोरी मनोज गर्ग योगेश चौधरी रवि जिन्दल जिला उपाध्यक्ष सेवानंद शर्मा सुनील भाटी पवन रावल पवन नागर सतेंद्र नागर जिला मंत्री सत्यपाल शर्मा गुरुदेव भाटी बिजेंद्र प्रमुख सांसद प्रतिनिधि बलराज भाटी इन्द्रजीत टाइगर मीडिया प्रभारी पंडित कर्मवीर आर्य सचिन शर्मा पंकज रावल मनोज भाटी अजय निगम राज नागर संदीप शर्मा सतपाल तालान अजित मुखिया मनोज भाटी महेश शर्मा सोमेश गुप्ता विचित्र तोमर संजय भाटी उदयवीर चौधरी सरफ़राज़ अली कपिल गुर्जर मनोज जैन श्याम रावत सुनील सोनक मनोज प्रधान जगदीप नागर सोहित पंडित श्यामवीर भाटीविकाश राणा विकाश चौधरी अमित पंडित प्रवीन सैन आदि कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

# राजस्थान में धुआंधार प्रचार कर रहे हैं विधायक तेजपाल नागर

**ग्रेटर नोएडा/धौलपुर ( चेतना मंच )।** दादरी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक तेजपाल सिंह नागर ने राजस्थान में हो रहे विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में धुआंधार चुनाव प्रचार किया।कल इसी कड़ी में उन्होंने बसेड़ी विधानसभा के डांगीपुर, गैलरी में भाजपा प्रत्याशी सुखराम कोली के समर्थन में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जनता से जनसंपर्क कर उन्हें चुनाव जिताने की अपील की। इस अवसर पर विधायक तेजपाल सिंह नगर ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश को बर्बाद करने का काम किया है।



उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही देश एवं प्रदेश को समुचित विकास देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि सुखराम कोली ईमानदार एवं कर्मठ नेता है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस के बहकावे में ना आएं।

इस अवसर पर दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर के साथ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य वेदपाल भाटी, शिवकुमार, सीताराम, सरपंच गोपाल, राजेंद्र गुर्जर आदि लोग मौजूद थे।

# शराब पीने के दौरान झगड़ा, गर्दन पर मारा चाकू

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जारचा क्षेत्र में सैफ अली गांव के पास शराब पी रहे तीन दोस्तों में मामूली बात को लेकर आपसी विवाद हो गया। विवाद के दौरान दो दोस्तों ने अपने एक दोस्त की गर्दन पर चाकू से वार कर उसे घायल कर दिया। गंभीर स्थिति में घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार चल रहा है।

ग्राम गोपालपुर सिकंदराबाद बुलंदशहर निवासी नवीन पुत्र सतवीर अपने साथी धर्मेंद्र व संजीव निवासी बिहार के साथ सैंथली गांव के पास सड़क किनारे शराब पी रहा था। शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर नवीन का अपने दोनों दोस्तों से वाद विवाद हो गया। वाद विवाद इतना बढ़ा कि नवीन व उसके दोस्तों के बीच हाथापाई हो गई। इस दौरान धर्मेंद्र व संजीव ने नवीन की गर्दन पर चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

नवीन को लहूलुहान देख कर दोनों के होश उड़ गए और वह सब मौके पर छोड़कर फरार हो गए। नवीन ने किसी तरह से इस घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे उपचार के लिए कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने धर्मेंद्र व संजीव के खिलाफ थाना जारचा में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी के मुताबिक अस्पताल में भर्ती नवीन की हालत भी स्थिर है।

# सदर तहसील में किसानों को धमकाते हैं अधिकारी : किसान एकता संघ

## किसान एकता संघ ने प्रदर्शन कर एसडीएम सदर को सौंपा ज्ञापन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

किसान एकता संघ के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में तहसील सदर पर एकत्रित होकर किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन कर एक ज्ञापन एसडीएम सदर अंकित कुमार को सौंपा।

इस दौरान प्रदेश महासचिव सतीश कनारसी ने कहा कि किसानों की चार सूत्रीय माँगों को लेकर ज्ञापन सौपा गया है जिसमें कहा गया है कि जो किसान अपने कार्य के लिए तहसील परिसर में आते है,उनका कार्य समय से नही किया जाता हैं और किसानों को तानाशाही रवैया दिखाते हुए अभद्र भाषा से धमकाया जाता है विरोध करने वाले किसानों के कार्य लम्बे समय तक लंबित किये जाते हैं।

खेरली हाफिजपुर गाँव में बचत की जमीन को जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद भी आज तक खाली नहीं कराया गया ना ही भूमाफियाओं पर कोई कार्यवाही तहसील प्रशासन द्वारा की गई है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष पप्पे नागर ने कहा कि 10 दिनों के अन्दर यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में किसान एकता संघ तहसील परिसर में महापंचायत कर विरोध करेंगे ।

इस मौके पर देशराज नागर,श्रीकृष्ण बैसला,आजाद प्रधान,मनीष नागर,अखिलेश प्रधान,सुमित चपरगढ़, उम्मेद एडवोकेट, आशु अट्टा,जीतन नागर,अरविन्द सेक्रेटरी, ओमवीर समसपुर,उमर प्रधान,सुभाष भाटी,अरुण खटाना, हिमाचल कसाना, जाफर खान,नीरज कसाना, महेरबान खान,दुर्गेश शर्मा,जगदीश शर्मा,राममेहर प्रधान,सल्लन खान,जेपी नागर,बिजेन्द्र सिंह,रविराज आदि सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पृष्ठ एक के शेष....

**शोक की इस घड़ी....**

एक सड़क का नामकरण शहीद शुभम गुप्ता के नाम पर करने की भी घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने शहीद शुभम गुप्ता के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। प्रदेश सरकार द्वारा शहीद के परिवार को हर सम्भव मदद प्रदान की जाएगी।

**घर में बजनी थी शहनाई....**

एमएलसी विजय शिवहरे समेत संस्थाओं से जुड़े लोग बसंत गुप्ता के घर ढांढस बंधाने के लिए पहुंच गए।

वहीं कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य ने लिखा है कि दुख की अपार घड़ी में वह शोकाकुल परिवार के साथ मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। फेसबुक और एक्स प्लेटफार्म के साथ शहर के व्हाटसएप ग्रुपों पर शोक संवेदनाओं का तांता लगा रहा।

शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता के पिता बसंत गुप्ता जिला शासकीय अधिवक्ता है। दीवानी में जब उनके बेटे के शहीद होने की खबर आई तो शोक की लहर दौड़ गई।

**ऊधमपुर में मिली पहली पोस्टिंग**

सेना की सेवा में जाने की चाहत लिए शुभम ने सेंट जॉर्जेस इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई की और उसके बाद राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और फिर देहरादून की इंडियन मिलिट्री एकेडमी में वर्ष 2015 में प्रवेश लिया था। साल 2018 में उन्हें सेना में कमीशन मिला। बेहद जांबाज और निडर शुभम ने स्पेशल फोर्सेज की कठिन ट्रेनिंग की और सेना में कई ऑपरेशनों को अंजाम दिया। उनकी पहली पोस्टिंग ऊधमपुर में थी।

**आज लाया जा सकता है पार्थिव शरीर**

कैप्टन शुभम गुप्ता के शहीद होने की जानकारी बुधवार शाम को सात बजे परिवार के पास आई थी। पहले शाम चार बजे बताया गया था कि शुभम मुठभेड़ में घायल हो गए हैं। इस पर छोटे भाई ऋषभ परिवार के लोगों के साथ जम्मू के लिए रवाना हो गए थे। वह दिल्ली ही पहुंच पाए थे, तभी पता चला कि वह शहीद हो गए हैं। इस पर वो वापस लौट आए। शुभम के भाई नितिन गुप्ता ने बताया कि शहीद शुभम का पार्थिव शरीर आज शाम तक घर लाया जा सकता है। शुक्रवार को सैन्य सम्मान के साथ शहीद को अंतिम विदाई दी जाएगी। परिवारजन कैप्टन शुभम के विवाह की तैयारी कर रहे थे ऐसे में उनके शहीद होने के बाद पूरे इलाके में मातम छा गया है।

**100 रुपये खोने पर ....**

साक्षी को डांट दिया और घर से चला गया। कुछ देर बाद शिव सिंह जब घर पहुंचा तो साक्षी फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। शिव सिंह ने पड़ोसियों की मदद से साक्षी को फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना सूरजपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

वहीं थाना सेक्टर-142 क्षेत्र के डूब क्षेत्र में बसी झुग्गी बस्ती में रहने वाली एक महिला ने आज तड़के फांसी लगा ली। बदायूं निवासी राजेश अपनी पत्नी कुसुम के साथ सेक्टर-142 के डूब क्षेत्र में बनी झुग्गियों में रह रहा था। आज सुबह वह किसी काम से बाहर गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस अपनी झुग्गी पर पहुंचा तो उसे कुसुम फांसी के फंदे पर लड़की हुई मिली। हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची थाना सेक्टर-142 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी विनीत राणा के मुताबिक प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कुसुम की 2 वर्ष पूर्व राजेश के साथ शादी हुई थी। आज सुबह किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। मृतका के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

**चाय की टपरी पर ....**

इस घटना में रोहित को काफी चोटें आई। घटना को अंजाम देने के बाद मयंक नेहरा अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया। घायल रोहित को अस्पताल ले जाया गया जांच चिकित्सकों ने उपचार के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में एक तरफा प्यार का मामला प्रकाश में आ रहा है।

**पुलिस से की ....**

जिससे उसे अपने बच्चों के सामने शर्मसार होना पड़ रहा है। विजेंद्र सिंह मारपीट के बाद पुलिस में शिकायत करने पर उस पर लट्ठ बजाने की धमकियां भी देता है। पीड़िता के मुताबिक उसकी मां पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही है। इस कारण वह 22 अक्टूबर को अपने बच्चों को लेकर मायके जाना चाह रही थी। उसने जब पति से मायके जाने को कहा तो उसने इसी बात पर उसके साथ गाली-गलौज कर जमकर मारपीट की।

**कबाड़ियों के साथ....**

कंपनी से अल्मुनियम तथा लोहे की प्लेट चोरी कर मोटर रिक्शा में लोड करते हुए दिखाई दिए। राकेश कुमार ने अन्य कर्मचारियों की मदद से सिक्योरिटी गार्ड धर्मेंद्र व उसके साथी इमरान व अरमान को मौके पर ही धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि राकेश कुमार के शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ कंपनी में चोरी करने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सिक्योरिटी गार्ड के अलावा पकड़े गए दो अन्य आरोपी कबाड़ी का काम करते हैं। अरमान व इमरान सिक्योरिटी गार्ड से मिली भगत कर कंपनियों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

**एक घंटे में 2 लाख .....**

2 लाख रूपये दे दिए। आरके शर्मा ने उन्हें एक घंटा इंतजार करने के लिए कहा। इसके बाद वह अपनी वैगन आर कार से चला गया। कई घंटे बाद भी जब आरके शर्मा नाम का व्यक्ति वापस नहीं लौटा तो उसे अपने साथ ठगी होने का एहसास हुआ। उसने अपने चचेरे भाई से पैसे वापस मांगे तो उसने भी इंकार कर दिया। पीड़ित ने दोनों के खिलाफ थाना सेक्टर-58 मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है

**प्रसिद्ध किसान नेता की ....**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. संजय सिंह व गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा के साथ ही गौतमबुद्धनगर व आस-पास के जिलों के गणमान्य लोग व किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।

देश के जाने-माने किसान नेता चौ. बिहारी सिंह बागी मूल रूप से दादरी के रूपवास गांव के रहने वाले थे। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दूध का कारोबार करने वाले दूधियों की यूनियन बनाकर तथा समाजसेवा करके अपनी राजनैतिक जीवन की पारी शुरू की थी। उन दिनों बड़ी तादाद में प.उप्र से रेलगाड़ी व अन्य साधनों से देश की राजधानी दिल्ली में दूध सप्लाई किया जाता था। दूध की आपूर्ति करने वालों की कई समस्याएं थीं जिन्हें चौ.बिहारी सिंह बागी ने उठाकर उनका निदान करवाया। इसके लिए कई बार दिल्ली में दूध की आपूर्ति भी ठप्प कर दी गई जिस कारण चौ. बिहारी सिंह बागी की चर्चा उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे देश में होने लगी। ग्रेटर नोएडा के दादरी में जब एनटीपीसी का बड़ा प्लांट लगा तो उसके लिए दादरी के किसानों की जमीन ली गई। किसानों की समस्याओं के लिए चौ. बिहारी सिंह बागी ने कई बार संघर्ष किया जिसके बाद वह एक बड़े किसान नेता के रूप में उभरे। चौ. बिहारी सिंह बागी ने दादरी विधानसभा से दो बार चुनाव भी लड़ा, लेकिन सफल नहीं हुए।

प्रसिद्ध किसान नेता चौ.बिहारी सिंह बागी अपने संघर्षपूर्ण जीवन के लिए जाने जाते हैं। एक बार उन्होंने दादरी विधानसभा से चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी से टिकट मांगा लेकिन उन दिनों देश की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। कांग्रेस से टिकट न मिलने के कारण चौ.बिहारी सिंह बागी ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया और उन्हें चुनाव-चिन्ह शेर दिया गया। दादरी में जिस दिन कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में इंदिरा गांधी चुनावी सभा करने आई उस दिन चौ. बिहारी सिंह बागी सर्कस से सचमुच का शेर ले आए और उसे इंदिरा गांधी की सभा के पास बंधवा दिया। असली का शेर देखने के लिए सभा स्थल में मौजूद भीड़ दौड़ पड़ी और इंदिरा गांधी की सभा फ्लाप हो गई। ऐसे ही कई रोचक किस्से हैं जिनके कारण आज भी प्रसिद्ध किसान नेता चौ. बिहारी सिंह बागी को शिद्दत से याद किया जाता है।

**अधर में लटका ....**

बता दें कि नए गोल्फ कोर्स के लिए नोएडा प्राधिकरण ने क्लब के लिए सदस्यता अभियान चला रखा था। इसके लिए दो श्रेणी तय की गई थी। पहली श्रेणी में 3 लाख रूपये तथा दूसरी श्रेणी में 10 लाख रुपए सदस्य शुल्क तय किया गया था। इसमें कुल 3600 लोगों को सदस्य बनाया जाना था। जिससे प्राधिकरण को 125 करोड रुपए की राशि आने का अनुमान था। अभी तक सदस्यता के जरिए मात्र 48 करोड रुपए ही प्राधिकरण को हासिल हुए हैं। कामबख्शपुर तथा झट्टा गांव के किसानों तथा प्राधिकरण के बीच जमीन अधिग्रहण को लेकर चल रहे विवाद के चलते गोल्फ कोर्स की सदस्यता भी अब बंद हो गई है। जिससे प्राधिकरण को अपेक्षित राजस्व नहीं मिल पा रहा है। अब आर्थिक तंगी के चलते ठेकेदार ने भी निर्माण कर रोक दिया है।

**समारोह में अवैध रुप ....**

राहुल कसाना पुत्र विजय कसाना निवासी न्यू डिफेंस कॉलोनी, भोपुरा, थाना टीलामोड़, गाजियाबाद व सूरज सिंह पुत्र श्री संजय सिंह निवासी शौर्य अपार्टमेंट, राजेंद्रनगर, सेक्टर-2, थाना साहिबाबाद, गाजियाबाद को गिरफ्तार किया है।

**जेपी विश टाउन ....**

इस दौरान ही उनका मिनी लाकर गायब हुआ है।

थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-100 में रहने वाले एक व्यक्ति के घर से चोरों ने नगदी लाखों रुपए के जेवरात में अन्य सामान चोरी कर लिया। सेक्टर 100 के सी ब्लॉक में रहने वाले महेंद्र सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि बीते 21 नवंबर की सुबह वह और उसकी बहन अपनी ड्यूटी पर चले गए थे शाम के समय जब घर वापस लौटे तो उन्हें घर का सामान अस्त व्यस्त मिला। पड़ताल करने पर पता चला कि कर घर से नगदी लाखों रुपए के जेवरात में अन्य सामान को चोरी कर ले गए हैं।

शिवम इन्फोकॉम प्राइवेट लिमिटेड के टेक्नीशियन मिलाप सिंह ने थाना सेक्टर-39 में टावर से आरआरयू व सहायक उपकरण चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिलन सिंह के मुताबिक सलारपुर गांव में लगे उनकी कंपनी के टावर से यह उपकरण चोरी हुए हैं।

**गांजे की तस्करी ....**

चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान अशोक लीलैंड कैंटर नंबर यूपी 21सीटी 1684 आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जैसे ही कैंटर रुकवाया तो उसमें सवार चालक और हेल्पर ने भागने की कोशिश की, जिन्हें थोड़ी ही दूरी पर पकड़ लिया गया। कैंटर की तलाशी लिए जाने पर उसमें से करीब ढाई कुंतल गांजा बरामद हुआ।

पकड़े गए तस्करों की पहचान कैंटर चालक रामवीर सिंह पुत्र कृपाल सिंह तथा हेल्पर अभिषेक पुत्र रामवीर निवास निवासी सर्वा खेड़ा जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) के रुप में हुई। दोनों बाप बेटें हैं। जानकारी मिलने पर सहायक पुलिस आयुक्त द्वितीय सेंट्रल नोएडा रमेश चंद्र पांडे भी मौके पर पहुंच गए।

कैंटर से बरामद किया गया 2 कुंतल 48 किलोग्राम गांजा आठ अलग अलग बोरों में भरा गया था। कुल 154 पैकेट में इसे पैक किया गया था। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि वह दोनों पिता पुत्र हैं और मुरादाबाद निवासी गजेंद्र की गाड़ी चलाते हैं। दोनों आरोपियों ने बताया कि वह उत्तराखंड से माल लेकर उड़ीसा गए थे। उड़ीसा से उन्हें स्क्रैप लेकर आना था लेकिन वाहन स्वामी द्वारा फोन करके बताया गया कि कुछ स्क्रैप के साथ आठ बोरे भी लेकर आने हैं। यह माल गाजियाबाद के लालकुआं में पहुंचाना है। लालकुआं में ही एक व्यक्ति को गांजे के आठ बोरे देने हैं। जिसके बाद स्क्रैप को राजस्थान पहुंचाना है।

**दादरी में सौहार्द....**

पुलिस ने मौका मुआयना कर आसपास के लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

इस बाबत दादरी के जीटी रोड निवासी सोमेश वार्ष्णेय की ओर से दादरी कोतवाली में तहरीर दी गई है। तहरीर में कहा गया है कि देर रात अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा मंदिर में स्थापित नंदी जी, मां दुर्गा, सरस्वती जी, लक्ष्मी जी व विष्णु जी की प्रतिमाओं को खंडित कर दिया गया। सोमेश ने कोतवाली पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

इस संबंध में ग्रेटर नोएडा जोन के एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि मूर्तियां खंडित होने की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ भी बातचीत कर इस विषय पर जानकारी ली है। उन्होंने बताया कि पुलिस मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को खंगाल कर मूर्ति खंडित करने वाले व्यक्ति की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com



# विश्वकप फाइनल की हार को भुलाकर नई शुरुआत करने उतरेगी टीम इंडिया

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मैच आज

विशाखापट्टनम, (एजेंसी)। आईसीसी विश्वकप 2023 के फाइनल में मिली हार को भुलाकर सूर्यकुमार यादव की अगुआई में युवा भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से खेले जाने वाले पांच मैचों टी20 सीरीज के पहले मैच में नई शुरुआत करना चाहेगी। यह मैच डॉ. वाई एस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम, विशाखापट्टनम में शाम 07.00 बजे से खेला जाएगा। पिछले पांच टी20 मैचों में तीन बार भारत और दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली है। इन पांच मैचों में ऑस्ट्रेलियाई टीम का सर्वोच्च स्कोर 211 है। फाइनल की हार को भुलाना आसान नहीं है और फिर सूर्यकुमार को केवल 96 घंटे के अंदर मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम की अगुआई करनी है। उन्हें आत्ममंथन करने का मौका भी नहीं मिलेगा लेकिन टी-20 उनका पसंदीदा प्रारूप है और वह इसमें खेलने के लिए तैयार होंगे।

टीम का कप्तान होने के नाते उनकी जिम्मेदारी केवल जीत दर्ज करना ही नहीं बल्कि उन खिलाड़ियों की पहचान करना भी होगा जो अगले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए अपना दावा पेश कर सकते हैं। यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा और मुकेश कुमार जैसे खिलाड़ियों ने हाल के महीनों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया है लेकिन उनकी पहली परीक्षा ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ होगी। जिसमें विश्वकप में भाग लेने वाले कुछ खिलाड़ी जैसे सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड, ग्लेन मैक्सवेल, लेग स्पिनर एडम जम्पा और पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ शामिल हैं। इसके अलावा आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले मार्कस स्टोइनिस, नाथन एलिस, टिम डेविड जैसे खिलाड़ी भी ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल हैं। पिछले साल टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और केएल राहुल के नाम पर सबसे छोटे प्रारूप में खेलने के लिए विचार नहीं किया जा रहा है ऐसे में चयनकर्ताओं को इस श्रृंखला से अगले साल होने वाले टी20 विश्वकप के लिए टीम का खाका तैयार करने में मदद मिलेगी।



तीन दिन पहले वनडे विश्वकप फाइनल में मिली हार से उबरने में समय लगेगा। ऐसा नहीं हो सकता कि आप अगली सुबह उठो और जो कुछ हुआ है, उसको भूल जाओ। हम इसे जीतना पसंद करते। यह नई टी20 टीम है जो चुनौती के लिए तैयार है। ईशान अच्छा कर रहा है, हम लय बनाए रखना चाहते हैं। वह हमारे लिए अच्छा कर रहा है जिसमें एशिया कप और विश्वकप में अलग स्थान पर बल्लेबाजी का प्रदर्शन शामिल हैं।

■ **सूर्यकुमार यादव**, भारतीय कप्तान

### टी-20 हेड-टू-हेड

| | |
|---|---|
| कुल मैच | 26 |
| भारत जीता | 15 |
| ऑस्ट्रेलिया जीता | 10 |
| बेनतीजा | 01 |

### मौसम का मिजाज

मौसम विभाग के अनुसार विशाखापट्टनम में गुरुवार को दोपहर में बारिश की संभावना है। भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे, दोपहर 2 बजे और शाम 5 बजे बारिश हो सकती है। मैच शुरू होने से पहले बारिश बंद होने की उम्मीद है। और भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे से रात 10.30 बजे तक मैच के दौरान बादल छाए रहेंगे। अगर शाम 5 बजे बारिश होती है, तो टॉस और मैच शुरू होने में देरी हो सकती है।

### पिच रिपोर्ट

डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम की पिच की बात करें तो पिछले 10 मैचों में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम का औसत स्कोर 132 है। इस स्टेडियम में लक्ष्य का पीछा करने की सलाह दी जाती है। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीम 67 प्रतिशत मैच जीतती है। तेज गेंदबाज और स्पिनर्स दोनों के मुफीद है।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं...

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़ (उपकप्तान), इशान किशन, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, अवेश खान, मुकेश कुमार।

**ऑस्ट्रेलिया:** मैथ्यू वेड (कप्तान), आरोन हार्डी, जेसन बेहरेनडोर्फ, सीन एबॉट, टिम डेविड, नाथन एलिस, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर सांघा, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मार्कस स्टोइनिस, केन रिचर्डसन, एडम जम्पा।

### वनडे रैंकिंग में विराट और रोहित को एक-एक पायदान का फायदा

वनडे वर्ल्डकप में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम के तीन खिलाड़ी आईसीसी वनडे रैंकिंग के टॉप-4 बल्लेबाज में पहुंचे।



शुभमन गिल 826 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ शीर्ष पर कायम है। वहीं बाबर आजम 824 रेटिंग अंक लेकर दूसरे नंबर पर हैं। कोहली और गिल के बीच सिर्फ 35 अंक का फासला है। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा को भी एक रैंक का फायदा हुआ है। वह नंबर 4 पर पहुंच गए हैं। वर्ल्डकप 2023 में सबसे ज्यादा 765 रन बनाने वाले विराट कोहली को एक स्थान का फायदा हुआ। वह तीसरे स्थान पर पहुंच गए। विराट कोहली के 796 रेटिंग प्वाइंट हैं।

# अगले टी-20 विश्वकप में रोहित शर्मा के खेलने पर संशय, टेस्ट पर लगाएंगे ध्यान

## मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर से कर चुके हैं चर्चा

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारत के वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा के अब टी20 अंतरराष्ट्रीय में खेलने की संभावना नहीं है और 50 ओवर के विश्वकप के शुरू होने से पहले ही उन्होंने खेल के छोटे प्रारूप में अपने भविष्य पर मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर से बात कर चुके हैं। ऐसे में उनका अगले साल होने वाले टी20 विश्वकप में खेलना मुश्किल है।



बीसीसीआई के सूत्रों ने यह जानकारी दी। नवंबर 2022 में भारत के टी20 विश्वकप से बाहर होने के बाद रोहित ने छोटे प्रारूप में एक भी मैच नहीं खेला है। रोहित ने 148 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने चार शतक से करीब 140 के स्ट्राइक रेट से 3853 रन बनाए हैं। बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने कहा, यह नयी बात नहीं है। रोहित ने पिछले एक साल से कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है क्योंकि ध्यान वनडे विश्वकप पर लगा था। उन्होंने खुद ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से दूर रहने की इच्छा व्यक्त की।

यह पूरी तरह से रोहित का फैसला है। अगर युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो चयनकर्ता या बीसीसीआई के अधिकारी रोहित से अपने इस फैसले पर दोबारा विचार के लिए कह सकते हैं। समझा जा सकता है कि करियर के इस पड़ाव में रोहित अपना कार्यभार संभालना चाहते हैं ताकि बचे हुए करियर में वह चोटों से मुक्त रह सकें। इसलिये उनके लिए तीनों प्रारूपों और प्रत्येक वर्ष आईपीएल में खेलना असंभव होगा जबकि दिसंबर 2023 से मार्च 2024 तक सात टेस्ट खेले जाने हैं, जिससे भारतीय कप्तान का ध्यान ज्यादातर टेस्ट में ही लगा होगा।

### भारत को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचाना होगा लक्ष्य

रोहित शर्मा वह भारत को 2025 में एक और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचा सकते हैं और 2019 में भारत के लिए पारी का आगाज करने के बाद से खेल के इस पारंपरिक प्रारूप में उनकी खुद की फॉर्म बेहतरीन रही है। अगर सब ठीक रहता है तो भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह दक्षिण अफ्रीका में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के साथ गेंदबाजी करेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ अगले साल के शुरू में पांच हफ्तों में पांच टेस्ट खेले जायेंगे जिससे इस तेज गेंदबाजी तिकड़ी को श्रृंखला के दौरान रोटेट किया जाएगा। चोट के कारण प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से ब्रेक के बाद वापसी करने वाले बुमराह के लाल गेंद के क्रिकेट में खेलने को लेकर सवाल पैदा होता है लेकिन इसकी जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि वह इसके लिए तैयार हैं। बीसीसीआई सूत्र ने कहा, बुमराह फिट हैं और नतीजा सबके सामने हैं। वह फिटनेस के शिखर पर हैं और टेस्ट मैच खेलने के लिए बेताब हैं। बुमराह और शमी के साथ आपको प्रारूप की प्राथमिकता के आधार पर इनका इस्तेमाल करना होगा। अगर सबकुछ ठीक रहा तो बुमराह टी20 विश्वकप में निश्चित रूप से खेलेंगे।

# खिताब जीतने के बाद स्वदेश पहुंचे पैट कमिंस

## बोले, हर आधे घंटे में याद आता है कि आपने अभी विश्वकप जीता

सिडनी, (एजेंसी)। आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप का खिताब जीतकर बुधवार को स्वदेश पहुंचे ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि हर आधे घंटे में याद आता है कि आपने अभी-अभी विश्व कप जीता है और आप फिर से उत्साहित हो जाते हैं।



चश्मा पहने कमिंस ने सिडनी हवाई अड्डे पर कहा, हर आधे घंटे या उसके बाद आपको याद आता है कि आपने अभी-अभी विश्व कप जीता है और आप फिर से उत्साहित हो जाते हैं। हम अभी भी चर्चा कर रहे हैं। यह एक बड़ा साल रहा है। इससे भी बढ़कर, यह आश्चर्यजनक रहा है। मुझे लगता है कि उन्होंने अपनी विरासत बनाई है। एक विश्वकप, आपको हर चार साल में केवल एक मौका मिलता है और विशेष रूप से भारत जैसी जगह पर खेलना कठिन है। उन्होंने कहा, इसके अलावा एक विदेशी एशेज श्रृंखला, एक विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप भी शामिल है। हम इससे बेहतर योजना नहीं बना सकते थे। इसलिए काफी संतुष्ट समूह है। मेलबर्न पहुंचे ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने मुस्कुराते हुए कहा, हेडी निश्चित रूप से चोटिल थे, मुझे यकीन नहीं है कि वह इस तरह का खेल खेलेगा। मैं कोई चयनकर्ता या कोच नहीं हूं लेकिन अगर वह इस तरह खेला है तो यह एक चमत्कार है।

## टेक्नो इंडिया, डीसीएम, मानवस्थली व वेलम्मल स्कूल सीबीएसई नेशनल टेटे प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में

**भोपाल,(खेसं)।** एनआरआई ग्लोबल डिस्कवरी स्कूल एकेडमी में आयोजित सीबीएसई नेशनल टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2023- 24 के दूसरे दिन टेक्नो इंडिया ग्रुप पब्लिक स्कूल सिलीगुड़ी, डीसीएम प्रेसीडेंसी स्कूल लुधियाना, मानवस्थली स्कूल दिल्ली, वेलम्मल विद्यालय, चेन्नई की टीमों ने अंडर-17 (बॉयज) टीम गेम के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं श्री शंकर सीनियर सेकेंडरी स्कूल चेन्नई, अड्यार सर पदम्पत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर कानपुर, सनबीम सनसिटी वाराणसी, बाल भारती पब्लिक स्कूल दिल्ली व आईएमटी मानेसर, गुड़गांव ने 14 वर्ष (बॉयज) टीम के सेमीफाइनल में पहुंची। एनआरआई द्वारा आयोजित पांच दिवसीय इस प्रतिस्पर्धा में भारत और गल्फ देशों के सीबीएसई स्कूलों से 1000 से 1200 प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग ले रहे है।



## डीसीए सीहोर व आरसीसी की टीमें अंतिम-4 में पहुंची

**भोपाल,(खेसं)।** राजधानी में खेली जा रही राजा अली टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में डीसीए सीहोर और आरसीसी की टीमों ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है। प्रतियोगिता के मुकाबले शहर के बाबे अली स्टेडियम और ओल्ड कैंपियन मैदान में खेले जा रहे हैं। बाबे अली मैदान पर खेले गए क्वॉर्टरफाइनल में अंकुर क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट खोकर 149 बनाए। उसकी ओर से युवराज सिंह ने सर्वाधिक 53 रन की पारी खेली। डीसीए सीहोर की ओर से गेंदबाजी करते हुए उज्जवल ने दो और संकेत ने एक विकेट लिया। जवाब में डीसीए सीहोर की टीम ने 18 ओवर में पांच विकेट खोकर जरूरी रन बना लिए। उसकी ओर से अतुल कुशवाह ने 35 व मयंक जैन ने 31 रन का योगदान दिया। अंकुर अकादमी के लिए कनिष्क दुबे ने एक विकेट लिया। दूसरे क्वॉर्टरफाइनल में आरसीसी क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट खोकर 165 रन बनाए। उसकी ओर से निखिल सिंह ने 54 व जेपी यादव ने 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। जवाब में उतरी रेलवे यूथ की टीम 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 153 बना सकी। आरसीसी के गेंदबाज संदीप सिंह और अजय मिश्रा ने तीन-तीन विकेट झटके।



# लखनऊ से जुड़े देवदत्त, आवेश राजस्थान रॉयल्स में शामिल

## नीलामी से पहले आईपीएल फ्रेंचाइजियों के बीच खिलाड़ियों की ट्रेड

नई दिल्ली, (एजेंसी)। आईपीएल के आगामी सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 19 दिसंबर को होने वाले हैं। उससे पहले फ्रेंचाइजियों के बीच खिलाड़ियों को लेकर ट्रेड की प्रक्रिया जारी है।

भारतीय तेज गेंदबाज आवेश खान अगले साल आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलेंगे। उनकी पूर्व टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स ने उनकी जगह रॉयल्स के देवदत्त पड्डिकल को खरीदा है। आवेश आईपीएल में अब तक 47 मैचों में 55 विकेट ले चुके हैं। आवेश को लखनऊ टीम ने 2022 की मेगा नीलामी में दस करोड़ रूपए में खरीदा था। लखनऊ के लिए 22 मैचों में 26 विकेट ले चुके आवेश को इसी कीमत पर रॉयल्स ने खरीदा। वहीं पड्डिकल को सात करोड़ 75 लाख रूपये में खरीदा गया था और इसी कीमत पर वह लखनऊ टीम में गए। दोनों खिलाड़ियों को इस साल उनकी टीमों ने रिटेन रखा था। बायें हाथ के बल्लेबाज पड्डिकल ने 57 आईपीएल मैचों में 1521 रन बनाये हैं जिसमें एक शतक और नौ अर्धशतक शामिल है। मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान और मनीष पांडे को दिल्ली कैपिटल्स ने फारिग कर दिया है।





### लखनऊ से अलग हुए गौतम गंभीर, कोलकाता में वापसी

भारतीय टीम के पूर्व सदस्य और टीवी कमेंटेटर गौतम गंभीर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से अलग होने का ऐलान किया है। गंभीर पिछले दो सालों से एलएसजी के मेंटर की भूमिका निभा रहे थे। अब वह अपनी पुरानी फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ मेंटर के तौर पर काम करते दिखेंगे। इससे पहले वह केकेआर के कप्तान की भूमिका में नजर आ चुके हैं। विश्वकप के फाइनल में गंभीर और केकेआर के स्वामी शाहरुख खान के बीच मुलाकात के बाद इस बारे में अटकलें शुरु हो गई थी।



## हार्दिक एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए नामित

**बेंगलुरु,(एजेंसी)।** चोट के कारण एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला से बीच में ही बाहर होने से लेकर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मिडफील्डर हार्दिक सिंह को एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड 2023 के लिए नामांकित किया गया है। सम्मान से अभिभूत हार्दिक ने कहा, एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड 2023 के लिए नामांकित होने पर मैं आश्चर्यचकित और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। अंतरराष्ट्रीय मंच पर ऐसी मान्यता प्राप्त करना एक खिलाड़ी के रूप में सपने के साकार होने जैसा है। यह निश्चित रूप से आपको और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है।



## 10 से 17 दिसंबर तक होंगे खेलो इंडिया पैरा गेम्स

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** खेलो इंडिया पैरा गेम्स का पहला संस्करण 10-17 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें 32 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 1350 से अधिक प्रतिभागी 7 तरह के खेलों में भाग लेंगे। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, बहुत खुशी और संतुष्टि के साथ मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स का पहला संस्करण 10 से 17 दिसंबर तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। 32 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 7 विषयों में भाग लेने वाले 1350 से अधिक प्रतिभागियों के साथ यह हमारे देश में पैरा-स्पोर्ट्स को बेहतर बनाने और प्रतिभाशाली विशेष रूप से विकलांग एथलीटों की पहचान करने और उनकी सहायता करने की हमारी खोज में एक गेम-चेंजर साबित होने जा रहा है। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स का पहला संस्करण सफल होगा और मैं आगामी खेलों के लिए पैरा-एथलीटों को शुभकामनाएं देता हूं।

## सौराष्ट्र-केरल के मुकाबले के साथ होगी विजय हजारे ट्रॉफी की शुरुआत

अलूर,(एजेंसी)। विजय हजारे ट्रॉफी का 2023-24 सत्र गुरुवार से शुरू हो रहा है जिसमें गत चैम्पियन सौराष्ट्र का सामना केएससीए क्रिकेट मैदान पर केरल से होगा। टेस्ट बल्लेबाज चेतेवर पुजारा और कप्तान जयदेव उनादकट पर सभी की नजरें होंगी जिन्होंने पिछले सत्र में सौराष्ट्र के लिए सबसे ज्यादा विकेट लिए थे। पिछले सत्र में सौराष्ट्र के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाले समर्थ व्यास और विकेटकीपर बल्लेबाज हार्विक देसाई पर भी दारोमदार रहेगा। पिछली उपविजेता महाराष्ट्र की टीम जयपुर में झारखंड से खेलेगी । कप्तान रूतुराज गायकवाड़ आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये भारतीय टीम में हैं जिनकी जगह महाराष्ट्र की कप्तानी केदार जाधव कर सकते हैं । ग्रुप चरण के मुकाबले 23 नवंबर से पांच दिसंबर के बीच खेले जायेंगे जिसके बाद प्री क्वॉर्टर फाइनल (नौ दिसंबर), क्वॉर्टर फाइनल (11 दिसंबर), सेमीफाइनल (13 और 14 दिसंबर) और 16 दिसंबर को फाइनल होगा।

बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी



शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर-15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)

फोन- 0120- 2321857

मो0- 9811082962

# लक्ष्य सेन व किदांबी श्रीकांत चाइना मास्टर्स से बाहर

## महिला युगल में भारतीय चुनौती समाप्त

शेनझेन,(एजेंसी)। भारत के बैडमिंटन स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत पुरुष बुधवार को एकल राउंड अपने-अपने मुकाबले हारकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट चाइना मास्टर्स में हारकर बाहर हो गए।



वहीं महिला वर्ग में रुतुपर्णा पांडा-श्वेतापर्णा पांडा को चीन झांग शू जियान-झेंग यू के खिलाफ हार के साथ महिला युगल में भी भारत की चुनौती समाप्त हो गई। दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन को सातवीं वरीयता प्राप्त चीन के शि युकी ने 19-21 18-21 से हराया जबकि श्रीकांत को थाईलैंड के कुनलावुत विदितसवर्ण के हाथों 15-21 21-14 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, प्रियांशु राजावत को भी जापान के केंटा निशिमोतो के खिलाफ 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-14 से हार का सामना करना पड़ा। रुतुपर्णा पांडा-श्वेतापर्णा पांडा की जोड़ी झांग शु जियान-झेंग यू की चीनी जोड़ी से केवल आधे घंटे में 15-21, 9-21 से हार गई। पुरुष एकल में एचएस प्रणय और पुरुष युगल में चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी गुरुवार को अपना मुकाबले में स्पर्धा करेंगे।

# ओटोमेंडी के गोल से जीता अर्जेंटीना

## फीफा क्वॉलीफायर में ब्राजील की घरेलू मैदान पर पहली हार

रियो डि जेनेरियो,(एजेंसी)। मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने बुधवार को खेले गए फीफा विश्वकप 2026 के क्वॉलीफायर मुकाबले में निकोलस ओटोमेंडी के गोल की बदौलत ब्राजील को 1-0 से हराया। ब्राजील की यह विश्वकप क्वॉलीफायर में अपने घरेलू मैदान पर पहली हार है।

राउंड रोबिन आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में ब्राजील की यह लगातार तीसरी पराजय है जो नए कोच फर्नांडो डिनिज के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। ब्राजील के मरकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अर्जेंटीना की ओर से मैच का एकमात्र गोल 63वें मिनट में ओटामेंडी ने किया। हालांकि ब्राजील के खिलाड़ियों ने कई बार गोल करने के प्रयास किये लेकिन वे इसमें सफल नहीं हुए। इस जीत के बाद अर्जेंटीना टीम फीफा वर्ल्ड कप क्वॉलीफायर के अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि ब्राजील 6 में से दो जीत के साथ छठे स्थान पर है। अर्जेंटीना 6 में से 5 मैच जीते हैं। अर्जेंटीना का अगला मुकाबला पांच सितंबर 2024 में चिली के साथ होगा।





मैच शुरू होने से पहले आपस में भिड़े ब्राजील और अर्जेंटीना के प्रशंसक को काबू करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इससे मैच नहीं हुआ प्रभावित और मुकबला पूरे समय तक चला।

## क्रोएशिया यूरो 2024 के लिए क्वॉलीफाई, तुर्की ने वेल्स से खेला ड्रॉ

**वाशिंगटन,(एजेंसी)।** क्रोएशिया ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद आर्मेनिया को 1-0 से हराकर अगले साल जर्मनी में होने वाली यूरोपीय चैंपियनशिप (यूरो 2024) फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए क्वॉलीफाई किया। ग्रुप डी में शीर्ष पर काबिज तुर्की के बाद दूसरे स्थान पर रहकर सीधे क्वॉलीफाई करने के लिए क्रोएशिया को जीत की जरूरत थी। जग्रेब में खेले गए इस मैच में उसकी तरफ से महत्वपूर्ण गोल मिडफील्डर एंटे बुदिमीर ने 43वें मिनट में बोर्ना सोसा के क्रॉस पर हेडर से किया। इस ग्रुप पर एक अन्य मैच में तुर्की ने वेल्स को 1-1 से बराबरी पर रोका। वेल्स को भी इस मैच में जीत की जरूरत थी लेकिन अब उसे मार्च में होने वाले प्लेऑफ में अपना भाग्य आजमाना होगा। मेजबान जर्मनी के अलावा अल्बानिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, चेक गणराज्य, क्रोएशिया, डेनमार्क, इंग्लैंड, फ्रांस, हंगरी, इटली, नीदरलैंड, पुर्तगाल, रोमानिया, स्कॉटलैंड, सर्बिया, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड और तुर्की यूरो 2024 के लिए क्वॉलीफाई कर चुके हैं।

# ओपनएआई से इस्तीफा देने वाले कर्मचारियों को नौकरी देगा सेल्सफोर्स

**नई दिल्ली।**

एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर प्रमुख सेल्सफोर्स के अध्यक्ष और सीईओ मार्क बेनिओफ ने मंगलवार को ओपनएआई से इस्तीफा देने वाले कर्मचारियों को नौकरी की पेशकश की। दरअसल, माइक्रोसॉफ्ट द्वारा पूर्व सीईओ सैम ऑल्टमैन और पूर्व अध्यक्ष ग्रेग ब्रॉकमैन को काम पर रखने के बाद 500 से ज्यादा ओपनएआई कर्मचारियों ने इस्तीफा देने की धमकी दी है। एक्स पर एक पोस्ट में, बेनिओफ ने कहा कि यदि आपका आप्रवासन अब ओ1, एच1बी, या अन्य वीजा पर ओपनएआई से प्रभावित है, तो सेल्सफोर्स ओपनएआई को छोड़ने वाले लोगों की पूरे कैश और इक्विटी ओटीई (ओपन ट्रेड इक्विटी) का मिलान करेगा, और फिर सिल्वियो सावरेज के तहत हमारी सेल्सफोर्स आइंस्टीन विश्वसनीय एआई रिसर्च टीम में शामिल हो जाएंगे। सेल्सफोर्स सीईओ ने लिखा, मुझे अपना सीवी सीधे भेजें। आइंस्टीन इस सप्ताह 1 ट्रिलियन पूर्वानुमानित और जेनरेटिव लेनदेन पूरा करने वाला सबसे सफल एंटरप्राइज एआई प्लेटफॉर्म है! हमारी विश्वसनीय एआई एंटरप्राइज रिवॉल्यूशन में शामिल हों। सेल्सफोर्स ने इस साल जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्टअप्स में निवेश करने के लिए 500 मिलियन डॉलर का वादा किया है। यह निवेश, जो पहले 250 मिलियन डॉलर से बढ़कर अब 500 मिलियन डॉलर हो गया है, रिस्पांसिबल जेनेरिक एआई विकसित करने वाले स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए इसके जेनरेटिव एआई फंड का हिस्सा है। सेल्सफोर्स वेंचर्स के मैनेजिंग पार्टनर पॉल ड्रूज के अनुसार, इससे कंपनी को और भी अधिक उद्यमियों के साथ काम करने, उद्यम के लिए परिवर्तनकारी एआई समाधानों के विकास में तेजी लाने में मदद मिलेगी। ड्रूज ने जून में कहा, हम पहले से ही एआई को दुनिया के काम करने के तरीके में बदलाव देख रहे हैं, और हम अपने जेनरेटिव एआई फंड की गति को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं। सेल्सफोर्स ने एआई क्लाउड की भी घोषणा की, जो सभी अनुप्रयोगों और वर्कफ़्लो में विश्वसनीय, खुले और वास्तविक समय के जेनरेटर अनुभव प्रदान करने के लिए अनुकूलित क्षमताओं का एक सूट है।

# कॉर्पोरेट समानता पथप्रदर्शक- डॉ. रश्मी सलूजा कॉर्पोरेट लिंग भेदभाव विरासत की शिकार

**नई दिल्ली।**



ऐसे परिदृश्य में जहां सरकार भारत में महिला सशक्तीकरण का समर्थन करती है, जो महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला आरक्षण विधेयक जैसी पहल का प्रतीक है, कॉर्पोरेट क्षेत्र लगातार लैंगिक पूर्वाग्रहों से ग्रस्त है। इन विधायी प्रयासों के बावजूद, नेतृत्व के पदों पर महिलाओं के खिलाफ भेदभाव जारी है। हाल ही में रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रश्मी सलूजा का भेदभाव के साथ टकराव कॉर्पोरेट क्षेत्र में महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले व्यापक संघर्ष का प्रतीक बन गया है। असमानता की विरासत कायम है, लेकिन डॉ. सलूजा बहादुरी से इस ज्वार के खिलाफ खड़े हुए हैं, जो कॉर्पोरेट परिदृश्य में लैंगिक समानता के लिए चल रही लड़ाई में एक महत्वपूर्ण क्षण है। डॉ. सलूजा के सामने आने वाली चुनौतियों के बावजूद, रेलिगेयर बोर्ड दृढ़ता से उनकी शेयर बिक्री और कंपनी की अभूतपूर्व वृद्धि में योगदान का बचाव करता है। आरोप न केवल डॉ. सलूजा को निशाना बनाते हैं, बल्कि पूरे प्रबंधन और बोर्ड को भी कमजोर करते हैं, जिन्होंने पिछले पांच वर्षों में रेलिगेयर को ऋण मुक्त संगठन बनाने की दिशा में अथक प्रयास किया है। डॉ. सलूजा की कहानी भारत में महिला नेताओं द्वारा सामना किए जाने वाले भेदभाव की व्यापक कहानी से मेल खाती है। मामाअर्थ की ग़ज़ल अलघ और शुगर कॉस्मेटिक्स की विनीता सिंह जैसी प्रमुख हस्तियों को उनके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद समान चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। लाल बहादुर शास्त्री प्रबंधन संस्थान की अनुप्रिया सिंह के लिंग आधारित शोध के अनुसार, बोर्ड स्तर पर महिलाओं का प्रतिनिधित्व मात्र दो प्रतिशत है। डॉ. सलूजा की यात्रा अपने आप में कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रमाण है; ऐसे गुण जिन्होंने उसे संगठन के भीतर वह नेतृत्व प्रदान किया, जिसकी वह चहेती बनी। हालांकि, यह समाज का पितृसत्तात्मक ताना-बाना है, जिसने उनकी उपलब्धियों और उनके व्यक्तित्व पर एक अन्यायपूर्ण छाया डाली है। आरोपों के जवाब में, डॉ. सलूजा ने एक प्रवक्ता के माध्यम से कहा, ÷हाल के आरोप सिर्फ मुझ पर हमला नहीं हैं, बल्कि पूरे नेतृत्व और बोर्ड पर हमला हैं। हम पारदर्शिता और निष्पक्षता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं।

# यूएस एसईसी ने क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म क्रैकन पर किया मुकदमा



**वाशिंगटन।**

अपंजीकृत सिक्योरिटीज एक्सचेंज, ब्रोकर, डीलर और क्लियरिंग एजेंसी के रूप में काम करने को लेकर यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म क्रैकन पर आरोप लगाए हैं। एसईसी की शिकायत के अनुसार कम से कम सितंबर 2018 से क्रैकेन ने क्रिप्टो एसेट्स सिक्योरिटीज की खरीद और बिक्री की सुविधा देकर अवैध रूप से सैकड़ों मिलियन डॉलर कमाए हैं। एसईसी के प्रवर्तन प्रभाग के निदेशक गुरबीर एस ग्रेवाल ने कहा, हमारा आरोप है कि क्रैकेन ने सिक्योरिटीज लॉ का अनुपालन करने के बजाय निवेशकों से करोड़ों डॉलर वसूलने का व्यावसायिक निर्णय लिया। उस निर्णय के चलते व्यापार मॉडल में हितों का टकराव पैदा हो गया, जिससे निवेशकों के धन को जोखिम में डाल दिया गया।उन्होंने एक बयान में कहा, निवेशकों की सुरक्षा के बजाय क्रैकन का अवैध लाभ का विकल्प वह है, जिसे हम इस क्षेत्र में अक्सर देखते हैं, और हम क्रैकन को उसके गलत काम के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं और दूसरों को अनुपालन में आने के लिए संदेश भेज रहे हैं। एसईसी ने आरोप लगाया कि क्रैकेन ने कानून द्वारा आवश्यक आयोग के साथ इनमें से किसी भी कार्य को पंजीकृत किए बिना एक्सचेंज, ब्रोकर, डीलर और क्लियरिंग एजेंसी की पारंपरिक सेवाओं को आपस में जोड़ा। उन्होंने कहा कि इन कार्यों को पंजीकृत करने में क्रैकेन की कथित विफलता ने निवेशकों को महत्वपूर्ण सुरक्षा से वंचित कर दिया है, जिसमें एसईसी द्वारा निरीक्षण, रिकॉर्ड-कीपिंग आवश्यकताओं और हितों के टकराव के खिलाफ सुरक्षा उपाय शामिल हैं। इस साल फरवरी में, क्रैकन ने क्रिप्टो परिसंपत्ति स्टेकिंग सेवाओं या स्टेकिंग कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभूतियों की पेशकश या बिक्री बंद करने और 30 मिलियन डॉलर का नागरिक जुर्माना अदा करने पर सहमति व्यक्त की। एसईसी ने पहले दुनिया के कुछ सबसे बड़े क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज कॉइनबेस और बिनेंस पर मुकदमा दायर किया था।

# टाइटन 3,000 से ज्यादा कर्मचारियों को करेगी हायर, पांच साल में कंपनी उठाएगी बड़े कदम

**मुंबई:**

टाइटन कंपनी की अगले पांच साल में इंजीनियरिंग, डिजाइन, लक्जरी, डिजिटल, डेटा विश्लेषण, विपणन और बिक्री सहित अन्य क्षेत्रों में 3,000 से अधिक कर्मचारियों की नियुक्ति की योजना है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कंपनी को डेटा विश्लेषण, साइबर सुरक्षा, उत्पाद प्रबंधन, डिजिटल मार्केटिंग और अन्य नए जमाने के कौशल जैसे क्षेत्रों के लिए कुशल पेशेवरों की तलाश है। टाइटन कंपनी की प्रमुख (मानव संसाधन-कॉरपोरेट और खुदरा) प्रिया एम. पिल्लई ने कहा, ''हम अगले पांच साल में 1,00,000 करोड़ रुपए का कारोबार बनने के लिए एक रोमांचक यात्रा शुरू कर रहे हैं। अगले पांच साल में हम 3,000 नए लोगों को जोड़ेंगे। उन्होंने कहा, ''हमारा मानना है कि अपने लोगों को आगे बढ़ाने के साथ यदि हम विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ लाते हैं, तो यह अच्छा होगा। इससे हमारी वृद्धि और नवोन्मेषण तेज होगा। उद्योग में हमारी स्थिति और मजबूत होगी। फिलहाल कंपनी के कार्यबल का 60 प्रतिशत महानगरों में कार्यरत है। वहीं 40 प्रतिशत दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में है।




# अमेरिकी डॉलर में गिरावट के बावजूद रुपया संभलने में नाकाम

**मुंबई ।**

डॉलर के कमजोर होने के बावजूद मंगलवार सुबह के कारोबार में रुपया उबरने में विफल रहा और सुबह 11.28 बजे अमेरिकी ग्रीनबैक के मुकाबले पिछले दिन के रिकॉर्ड निचले स्तर 83.34 पर था। डॉलर सूचकांक गिरकर 103.20 पर आ गया, जो इसका ढाई महीने का निचला स्तर है, लेकिन रुपये में उम्मीद के मुताबिक बढ़त नहीं हुई। व्यापारियों ने इसका कारण तेल कंपनियों जैसे आयातकों को कम कीमत का फायदा उठाने के लिए बचाव के तौर पर अधिक डॉलर खरीदने को बताया। अमेरिकी डॉलर में गिरावट के कारण अन्य एशियाई मुद्राओं में तेजी आई है। कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और शेयर बाजारों से विदेशी फंडों के बाहर जाने के बीच सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 7 पैसे टूटकर 83.34 पर बंद हुआ था। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा सोमवार को 0.66 प्रतिशत बढ़कर 81.14 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि सेंसेक्स 139.58 अंक गिरकर 65,655.15 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 37.80 अंक गिरकर 19,694 पर आ गया। एक्सचेंज डेटा के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को पूंजी बाजार में शुद्ध विक्रेता थे, क्योंकि उन्होंने 477.76 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। शुक्रवार को जारी आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 10 नवंबर को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 462 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 590.321 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। विदेशी मुद्रा भंडार में किसी भी गिरावट से आरबीआई के लिए हस्तक्षेप करने और कमजोर होते रुपये को संभालने की गुंजाइश कम हो जाती है। शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 83.26 पर बंद हुआ था। इससे पहले रुपये ने इस साल 13 नवंबर को डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचला स्तर 83.33 दर्ज किया था।



## सोने-चांदी की वायदा कीमतों में तेजी

**मुंबई ।**

सोने-चांदी की वायदा कीमतों में तेजी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव मंगलवार को तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव बढ़कर 61 हजार रुपये पार कर गए हैं। चांदी के वायदा भाव 73 हजार रुपये से ऊपर कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा कीमतों की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। लेकिन बाद में दोनों के वायदा भाव में तेजी दिखाई दी। सोने के वायदा भाव की मंगलवार को शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट मंगलवार को 148 रुपये की तेजी के साथ 60,805 रुपये के भाव पर खुला। मई महीने में सोने के वायदा भाव ने 61,845 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत मंगलवार को सोमवार के बंद भाव हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट मंगलवार 72,644 रुपये के भाव पर खुला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी की वायदा कीमतों की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। लेकिन बाद में इनकी कीमतों में तेजी देखी जाने लगी। कॉमैक्स पर सोना 1980 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 1980.30 डॉलर था।




## बाजार को 2024 में एनडीए की वापसी का अनुमान : रिपोर्ट

**नई दिल्ली ।** जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि बाजार सहभागियों ने पहले ही आगामी आम चुनावों में एनडीए की वापसी का अनुमान लगा लिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि केवल अनिश्चितता (यदि कोई हो) बहुमत (सीटों की संख्या) की सीमा पर होगी, जिसके साथ वह जीतेगी। इसमें कहा गया है कि एक साल पहले और चुनावी वर्ष के दौरान पिछले पांच चुनावों में निफ्टी के रुझान के आकलन से संकेत मिलता है कि वित्त वर्ष 2024 के अंत तक निफ्टी 20,500 की ओर बढ़ने की संभावना है, जबकि निफ्टी को वित्त वर्ष 2025 में 24 प्रतिशत रिटर्न मिलने की उम्मीद है। हमने पिछले पांच आम चुनावों से एक साल पहले निफ्टी के रुझान का आकलन किया। वर्तमान वर्ष के निफ्टी के मुकाबले इन वर्षों के सूचकांकों के औसत की साजिश रचने पर पता चलता है कि बाजार पिछले पांच चुनावी वर्षों के औसत के साथ तालमेल बिठा रहा है। इस प्रवृत्ति को जारी रखते हुए, निफ्टी को वित्त वर्ष 24 के अंत तक 20,500 के स्तर की ओर बढ़ना चाहिए। चुनाव के वर्ष में निफ्टी के रुझान को मापने के लिए इसी तरह की कवायद की गई, इसके लिए हमने पिछले पांच चुनावी वर्षों के औसत पर विचार किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि औसत प्रवृत्ति निफ्टी में 24 फीसदी की तेजी का संकेत देती है, हालांकि यह ध्यान रखना उचित है कि औसत को वित्त वर्ष 2015 में दर्ज किए गए 54 फीसदी रिटर्न से बढ़ा दिया गया था।

## सेबी अध्यक्ष ने इन्वेस्टर रिस्क रिडक्शन एक्सेस प्लेटफॉर्म का किया अनावरण

**मुंबई।**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में इन्वेस्टर रिस्क रिडक्शन एक्सेस (आईआरआरए) प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। वित्तीय बाजारों में जोखिम न्यूनीकरण एक सदाबहार विषय है और विभिन्न प्रकार के जोखिमों को दूर करने के लिए नियामकों द्वारा निरंतर प्रयास किए जाते हैं। आईआरआरए प्लेटफॉर्म एक ऐसी पहल है, जिसे सेबी के मार्गदर्शन में मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशंस (एमआईआई) द्वारा प्राथमिक साइट और डिजास्टर रिकवरी साइट दोनों पर ट्रेडिंग सदस्य के अंत में तकनीकी गड़बड़ी की स्थिति में निवेशकों के सामने आने वाले जोखिम को कम करने के लिए संकल्पित और कार्यान्वित किया गया है। एमआईआई ने 3 अक्टूबर, 2023 से प्रभावी रूप से आईआरआरए प्लेटफॉर्म लॉन्च किया और बड़े पैमाने पर निवेशकों के लाभ के लिए सोमवार को आधिकारिक तौर पर आईआरआरए प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। यह प्लेटफ़ॉर्म अपने निवेशकों के लिए वायरलेस टेक्नोलॉजी के माध्यम से इंटरनेट-आधारित ट्रेडिंग और सुरक्षा ट्रेडिंग का समर्थन करने वाले ट्रेडिंग सदस्यों के लिए उपलब्ध है। हालांकि, आईआरआरए एल्गो ट्रेडिंग और संस्थागत ग्राहकों के लिए उपलब्ध नहीं होगा। आईआरआरए को ट्रेडिंग सदस्यों द्वारा तब लागू किया जा सकता है जब उन्हें किसी तकनीकी गड़बड़ी का सामना करना पड़ता है, इससे प्राथमिक साइट और डिजास्टर रिकवरी साइट, जहां प्रासंगिक हो, दोनों एक्सचेंजों से ग्राहकों को सेवा देने की उनकी क्षमता प्रभावित होती है। आह्वान पर, बुनियादी जांच के बाद, प्लेटफ़ॉर्म सभी ट्रेडिंग स्थानों से ट्रेडिंग सदस्य के ट्रेडों को डाउनलोड करता है और आईआरआरए तक पहुंचने के लिए एक लिंक के साथ इंटरनेट ट्रेडिंग या वायरलेस तकनीक का उपयोग करने वाले निवेशकों को एसएमएस/ईमेल भेजता है।

# निफ्टी के सकारात्मक रुख के साथ बंद होने से मेटल, रियल्टी शेयरों का प्रदर्शन बेहतर रहा

**मुंबई।**

निफ्टी मंगलवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ। जबकि, अधिकांश क्षेत्रीय सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। मंगलवार को निफ्टी-50, 89 अंक (0.45 प्रतिशत) बढ़कर 19,783.40 पर बंद हुआ। सेंसेक्स 276 अंक (0.42 प्रतिशत) बढ़कर 65,930.77 पर बंद हुआ। बोनान्ज़ा पोर्टफोलियो के रिसर्च एनालिस्ट वैभव विदवानी ने कहा कि निफ्टी मेटल, निफ्टी रियल्टी और निफ्टी फार्मा क्रमशः 1.22 प्रतिशत, 1.13 प्रतिशत और 1.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ बेहतर प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों में से कुछ थे। विदवानी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धातु की बढ़ती मांग ने धातु क्षेत्र में आशावाद को बढ़ावा दिया है। जबकि, निफ्टी रियलिटी हरे रंग में है क्योंकि बाजार में मजबूत आवास मांग निवेशकों को रियलिटी शेयरों में आकर्षित कर रही है। निफ्टी पर शीर्ष लाभ पाने वालों में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ, अदानी एंटरप्राइजेज, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और जेएसडब्ल्यू स्टील थे। जबकि, घाटे में रहने वालों में कोल इंडिया, ओएनजीसी, बीपीसीएल, टेक महिंद्रा और एलटीआईमाइंडट्री थे।




एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा कि सकारात्मक कारोबारी सत्र के बाद निफ्टी बढ़त के साथ समाप्त हुआ, लगातार सकारात्मक धारणा बनी रही, क्योंकि यह लगातार 19,500 के महत्वपूर्ण समर्थन स्तर से ऊपर बंद हुआ। उन्होंने कहा, व्यापारियों को गिरावट के दौरान खरीदारी पर विचार करने की सलाह दी जाती है, जब तक निफ्टी 19,500 से ऊपर रहता है। हालांकि, 19,500 से नीचे की गिरावट संभावित रूप से व्यापारियों के बीच घबराहट पैदा कर सकती है। ऊपर की ओर देखें, तो 19,850 से ऊपर की बढ़त 20,000 और उससे आगे की ओर तेजी ला सकती है।

## अक्टूबर में भारतीय कंपनियों में पीई, वीसी निवेश घटकर 3.4 अरब डॉलर पर: रिपोर्ट

**मुंबई:** निजी इक्विटी (पीई) और उद्यम पूंजी (वीसी) कोषों का भारतीय कंपनियों में निवेश अक्टूबर महीने में करीब तीन प्रतिशत घटकर 3.4 अरब डॉलर रहा। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। उद्योग लॉबी समूह आईवीसीए और सलाहकार फर्म ईवाई की साझा रिपोर्ट के मुताबिक, मूल्य के हिसाब से अक्टूबर में पीई एवं वीसी के दांव एक साल पहले की समान अवधि के 3.5 अरब डॉलर से तीन प्रतिशत कम रहे। वहीं सितंबर के 4.2 अरब डॉलर की तुलना में पीई एवं वीसी निवेश 19 प्रतिशत कम रहा। रिपोर्ट कहती है कि अक्टूबर में सौदों की संख्या भी घटकर 70 लेनदेन पर आ गई जबकि साल भर पहले की समान अवधि में 80 निवेश सौदे हुए थे। सितंबर में यह संख्या 83 थी। ईवाई में साझेदार विवेक सोनी ने कहा, ''हालांकि, भारतीय उपभोग में मजबूती बनी हुई है लेकिन वैश्विक कारकों और भारत में आसन्न चुनावों के कारण अनिश्चितता बढ़ने से निवेश सौदों की प्रगति सुस्त पड़ी है। सोनी ने अपना नजरिया 'सतर्कता के साथ आशावादी रखते हुए कहा कि पीई एवं वीसी निवेश की रफ्तार तेजी नहीं पकड़ पा रही है। अक्टूबर में स्टार्टअप कंपनियों में 1.3 अरब डॉलर का निवेश आया जो साल भर पहले की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर में कुल 2.4 अरब डॉलर मूल्य के नौ बड़े सौदे हुए जो एक साल पहले की समान अवधि से नौ प्रतिशत अधिक है। अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) ने रिलायंस रिटेल वेंचर में 59.8 करोड़ डॉलर डाले, जो सबसे बड़ा निवेश सौदा है। खुदरा एवं उपभोक्ता उत्पाद खंड 62.3 करोड़ डॉलर के पांच निवेश सौदों के साथ सबसे आगे रहा। रियल एस्टेट खंड छह सौदों में 60.1 करोड़ डॉलर निवेश के साथ दूसरे स्थान पर रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर महीने में कुल 2.4 अरब डॉलर का कोष जुटाया गया जबकि अक्टूबर, 2022 में 2.2 अरब डॉलर और सितंबर, 2023 में 1.1 अरब डॉलर का कोष जुटाया गया था।




# एआई कौशल सीखने में 73 प्रतिशत अधिक समय बिताती है भारतीय जेन जेड जेनरेशन

**नई दिल्ली।**

एक रिपोर्ट से यह बात सामने आई है कि भारत में जेन जेड पेशेवर अपने पुराने समकक्षों की तुलना में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कौशल हासिल करने में अधिक रुचि रखते हैं। वह यह सीखने के लिए अन्य पीढ़ियों की तुलना में 73 प्रतिशत अधिक समय खर्च करते हैं। वैश्विक पेशेवर नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म लिंक्डइन के अनुसार, जेन जेड, जेन एक्स की तुलना में 1.3 गुना अधिक और बेबी बूमर्स की तुलना में 2.4 गुना अधिक समय बिता रहे हैं।लिंक्डइन इंडिया के कंट्री मैनेजर आशुतोष गुप्ता ने कहा, अपस्किलिंग अब सिर्फ एक विकल्प नहीं रह गया है, बल्कि एआई की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए नेतृत्व और समस्या समाधान जैसे महत्वपूर्ण मानव कौशल विकसित करने पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करना जरूरी है। रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि दिसंबर 2022 से सितंबर 2023 तक वैश्विक एआई वार्तालाप में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारत में शिक्षार्थियों के बीच पसंदीदा कौशल पीढ़ी दर पीढ़ी अलग-अलग होते हैं, जबकि जेन जेड प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, क्लाउड कंप्यूटिंग और डेटा विश्लेषण जैसे डिजिटल कौशल सीख रहे हैं, मिलेनियल्स और जेन एक्स नेतृत्व और प्रबंधन, व्यक्तिगत प्रभावशीलता और विकास जैसे सॉफ्ट कौशल में निवेश कर रहे हैं। एआई द्वारा नियमित कार्यों को संभालने के साथ, पेशेवरों के पास अन्य प्रकार के सार्थक और रचनात्मक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर होता है, जिनके लिए सॉफ्ट स्किल की आवश्यकता है, जो केवल इंसानों के पास होती है। रिपोर्ट से पता चला है कि एपीएसी में, जिन तकनीकी पेशेवरों ने कठिन कौशल के अलावा एक या अधिक सॉफ्ट कौशल विकसित किया है, उन्हें केवल कठिन कौशल रखने वाले कर्मचारियों की तुलना में 13 प्रतिशत से अधिक तेजी से पदोन्नति मिलती है। भारत में, एआई और एआई से संबंधित नौकरी पोस्टिंग में सबसे अधिक मांग वाले सॉफ्ट स्किल में संचार, विश्लेषणात्मक कौशल और बिक्री शामिल हैं। चूंकि, जेनरेटिव एआई में विकास संस्कृतियों, भौगोलिक क्षेत्रों और उद्योगों में बाधाओं को तोड़ने का एक बड़ा अवसर प्रदान करता है, यह हाइब्रिड कार्य सेटिंग्स के दायरे को बढ़ा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संगठन पहले से ही लचीलेपन की मांग का जवाब दे रहे हैं, भारत में हाइब्रिड जॉब पोस्ट अगस्त 2022 में 13.2 प्रतिशत से बढ़कर अगस्त 2023 में 20.1 प्रतिशत हो गई हैं।

## गौतम सिंघानिया की पत्नी ने तलाक के लिए मांगे 8,745 करोड़ रुपए

**(एजेंसी)**

दीवाली के अगले दिन उद्योगपति और रेमंड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं एम.डी. गौतम सिंघानिया के तलाक की खबर आई थी। वह अपनी पत्नी नवाज मोदी सिंघानिया से शादी के 32 साल बाद तलाक लेने जा रहे हैं। अब खबर है कि तलाक के लिए उनकी पत्नी ने भारी-भरकम शर्त रख दी है और गौतम सिंघानिया से उनकी कुल नैटवर्थ का 75 प्रतिशत मांग लिया है। गौतम सिंघानिया की नैटवर्थ 1.4 अरब डॉलर (करीब 11,660 करोड़ रुपए) है। इस लिहाज से नवाज मोदी सिंघानिया ने तलाक के एवज में सिंघानिया परिवार से 8,745 करोड़ रुपए की मांग की है। इस बारे में जानकारी रखने वाले सूत्रों के हवाले से पता चला है कि नवाज मोदी सिंघानिया ने यह रकम अपने और अपनी दो बेटियों निहारिका एवं नीसा के लिए मांगी है। सूत्रों का कहना है कि गौतम सिंघानिया मोटे तौर पर इस मांग पर सहमत हो सकते हैं। लेकिन संपत्ति का यह हिसाब-किताब सीधे-सीधे नहीं होगा। बल्कि उन्होंने एक फैमिली ट्रस्ट बनाने का सुझाव दिया है। इसी ट्रस्ट के पास परिवार की सारी संपत्ति और एसैट का मालिकाना हक होगा। वह इस ट्रस्ट के इकलौते ट्रस्टी होंगे। उनकी मौत के बाद उनके परिवार के सदस्यों को इसका वसीयतनामा बनाने का हक होगा। हालांकि नवाज मोदी सिंघानिया के इस व्यवस्था पर राजी होने की संभावना न के बराबर है।

# इन फिल्मों में एक साथ धमाल मचाएंगे साउथ और नॉर्थ के सितारे


नॉर्थ और साउथ फिल्म इंडस्ट्री का मतभेद लगातार खत्म होता नजर आ रहा है। एक तरफ जहां साउथ की फिल्मों और कलाकारों को नॉर्थ में काफी सराहा जाता है। वहीं, दूसरी ओर अब नॉर्थ की फिल्मों को भी साउथ में अच्छी प्रतिक्रिया मिलती है। आलम यह है कि अब दोनों ही इंडस्ट्री एकजुट होकर अपने फैंस को स्क्रीन पर कुछ नया देने का प्रयास कर रही है।

## एटली



हाल ही में, जवान के निर्देशक एटली ने अपने अगले प्रोजेक्ट की घोषणा की है। इस फिल्म में निर्देशक बॉलीवुड के किंग खान और दलपति विजय की जोड़ी को स्क्रीन पर एक साथ लेकर आएंगे। निर्देशक एक बार फिर एक जबर्दस्त हिट की तैयारी कर रहे हैं। साउथ और बॉलीवुड के दर्शक इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। एटली ने यह भी खुलासा किया है कि वह स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं।

## वॉर 2




सलमान खान की टाइगर 3 के बाद अब जल्द ही ऋतिक रोशन की स्पाई यूनिवर्स की फिल्म वार 2 दर्शकों का मनोरंजन करेगी। पिछले दिनों फिल्म का एलान करते हुए यह बताया गया कि इसमें ऋतिक रोशन के साथ साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर भी नजर आएंगे। यह फिल्म जूनियर एनटीआर की डेब्यू फिल्म होगी। साइथ पट्टी के लोग जूनियर एनटीआर को बॉलीवुड फिल्म में देखने के लिए बेताब है।

## केजीएफ चैप्टर 3




साउथ के दिग्गज अभिनेता यश अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म केजीएफ 2 के हिट होने के बाद इसके अगले सीक्वल की तैयारी कर रहे हैं। यह एक पैन इंडिया फिल्म होने वाली है। रिपोर्ट्स की मानें तो इसकी शूटिंग साल 2025 में शुरू की जाएगी। बता दें कि इस फिल्म में रवीना टंडन और संजय दत्त भी नजर आएंगे। इस फिल्म में भी दर्शकों को साउथ और नॉर्थ का कॉम्बो देखने को मिलेगा।

## देवरा




बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेताओं की लिस्ट में शुमार जूनियर एनटीआर अपनी आगामी फिल्म देवरा को लेकर खूब चर्चा में चल रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन कोराटाला शिवा कर रहे हैं। फिल्म में बोनी कपूर की बेटी जान्हवी कपूर भी हैं। इस फिल्म से अभिनेत्री जान्हवी कपूर अपना साउथ डेब्यू करने जा रही हैं।

## कल्कि 2898 एडी

प्रभास की आगामी फिल्म कल्कि 2898 एडी भी एक पैन इंडिया फिल्म है। इस फिल्म को नाग अश्विन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में साउथ और नॉर्थ बेल्ट के दिग्गज कलाकार स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। इस फिल्म में प्रभास के साथ अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी भी नजर आने वाली हैं। मूवी 12 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।






# कौशल ओझा की लिटिल थॉमस में अभिनय करेंगे गुलशन देवैया

अभिनेता गुलशन देवैया राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता कौशल ओझा के जरिए निर्देशित आगामी फिल्म लिटिल थॉमस में अभिनय का जलवा बिखेरेंगे। कौशल ओझा की फिल्म में गुलशन अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दिल छू लेने वाली कॉमेडी ड्रामा फिल्म दर्शकों को गोवा के एक परिवार के आकर्षक और सरल जीवन की यात्रा पर ले जाती है।

### फिल्म में काम करने पर क्या बोले गुलशन

फिल्म के बारे में बात करते हुए गुलशन देवैया ने कहा, मैं लिटिल थॉमस का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं, जो नाटक और कॉमेडी का एक अनूठा मिश्रण है, जो पारिवारिक संबंधों के सार के साथ गूंजता है। यह एक साधारण परिवार की दिल छू लेने वाली कहानी है और इस फिल्म को करना बहुत संतुष्टिदायक रहा। प्रतिभाशाली कौशल ओझा के साथ काम करना और रसिका दुग्गल के साथ स्क्रीन साझा करना एक संतोषजनक अनुभव रहा है। यह वर्ष कुछ अद्भुत कार्यों के साथ अद्भुत रहा है। लिटिल थॉमस वास्तव में एक छोटा रत्न और दिल छू लेने वाली कहानी है। मैं ऐसी संपूर्ण कहानियों का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं।

### फिल्म के कलाकार

मुंबई और गोवा के सुरम्य स्थानों में फिल्माई गई इस फिल्म ने हाल ही में अपने निर्माण चरण का समापन किया है, जो एक आकर्षक कहानी का वादा करती है। यह पारिवारिक रिश्तों की जटिलताओं की कहानी मजेदार अंदाज में बयां करेगी। इस फिल्म में गुलशन के साथ रसिका दुग्गल भी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म गुड बैड फिल्म्स द्वारा निर्मित है।

### गुलशन की आने वाली फिल्में

वहीं गुलशन देवैया की आने वाली फिल्मों के बारे में बात करें तो लिटिल थॉमस के अलावा उनके पर कई अन्य परियोजनाएं हैं। वह जल्द ही बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर और रोशन मैथ्यू के साथ उलझ फिल्म में भी नजर आएंगे।



# पर्सनल लाइफ में मिस्ट्री गर्ल हैं सुष्मिता

**एक्ट्रेस सुष्मिता सेन का आज 48वां बर्थ डे है। सुष अपनी फिल्मों में बहुत खूबसूरत और बोल्ड रही हैं, लेकिन पर्सनल लाइफ में मिस्ट्री गर्ल। अपने रिलेशनशिप्स को लेकर हमेशा चर्चाओं में रही सुष्मिता अभी अपनी वेब सीरीज आर्या के तीसरे सीजन के कारण भी चर्चाओं में हैं। इसी के सेट पर फरवरी में उन्हें हार्ट अटैक भी आया था, इसके बावजूद रिकवर होते ही उन्होंने फिर शूटिंग शुरू की और एक्शन सीन्स भी किए। इन दिनों वे फिर से अपने एक्स बॉयफ्रेंड रोहमन के साथ देखी जा रही हैं।**



करीब 23 फिल्मों का हिस्सा रहीं सुष्मिता ने 5 साल के लंबे ब्रेक के बाद 2020 में फिर एक्टिंग में कमबैक किया था। फिल्मों में आने से पहले उन्होंने 1994 में मिस इंडिया और मिस यूनिवर्स का खिताब हासिल किया था। लेकिन जब उन्हें पता था चला कि मिस इंडिया कॉम्पिटिशन में ऐश्वर्या राय ने भी पार्टिसिपेट किया है, तो वो अपना एंट्री फॉर्म वापस लेना चाहती थीं।

### एयर फोर्स के पूर्व विंग कमांडर की बेटी हैं

सुष्मिता का जन्म 19 नवंबर 1975 को हैदराबाद में एक बंगाली परिवार में हुआ था। पिता इंडियन एयर फोर्स के पूर्व विंग कमांडर और मां शुभ्रा सेन ज्वेलरी डिजाइनर हैं। मां दुबई बेस्ट एक ज्वेलरी स्टोर की मालकिन भी हैं। 12वीं की पढ़ाई के बाद सुष्मिता ने दिल्ली के एयरफोर्स गोल्ड जुबली इंस्टीट्यूट से ग्रेजुएशन किया था। ग्रेजुएशन के दौरान ही उनका झुकाव मॉडलिंग की तरफ हुआ था।

सुष्मिता ने 1994 में 19 साल की उम्र में मिस इंडिया कॉम्पिटिशन में पार्टिसिपेट किया था। फिल्मफेयर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस कॉम्पिटिशन में ऐश्वर्या राय ने भी पार्टिसिपेट किया था। पहले तो ये बात किसी को पता नहीं थी, बाद में जब ये खबर बाकी कंटेस्टेंट्स को पता चली तो 25 लड़कियों ने अपना एंट्री फॉर्म वापस ले लिया था। ऐश्वर्या के नाम से सुष्मिता भी डर गई थीं। उन्होंने भी अपना एंट्री फॉर्म लेने का फैसला किया था। तब मां ने उन्हें ऐसा करने से रोका और कॉम्पिटिशन में टिके रहने के लिए कहा। कॉम्पिटिशन में ऐश्वर्या ने उनसे ज्यादा राउंड जीते थे। इस कारण उन्हें डर था कि वो ये कॉम्पिटिशन हार जाएंगी। जब फर्स्ट रनर-अप के तौर पर ऐश्वर्या के नाम की घोषणा की गई तो सुष्मिता यह सोचकर रोने लगीं कि वो तो रनर-अप तक भी नहीं पहुंच पाईं। मगर जब विनर के तौर पर उनके नाम की घोषणा की गई तो उन्हें यकीन ही नहीं हुआ।

### एक जवाब ने दिलाया मिस यूनिवर्स का टाइटल

फिर वो इसी साल मिस यूनिवर्स भी बनी थीं। मिस यूनिवर्स कॉम्पिटिशन में सुष्मिता से पहले किसी भी भारतीय महिला को यह खिताब नहीं मिला था। जबकि इससे पहले 41 बार यह कॉम्पिटिशन हो चुका था। सुष्मिता से मिस यूनिवर्स के दौरान पूछा गया था, अगर आप किसी ऐतिहासिक घटनाक्रम को बदलना चाहें तो वह क्या होगा? इस पर सुष्मिता का जवाब था- इंदिरा गांधी की मृत्यु। ये वही जवाब था जिसने उनको ये खिताब दिलाया।

### महेश भट्ट की फिल्म से इंडस्ट्री में रखा कदम

जब सुष्मिता ने मिस यूनिवर्स का टैग अपने नाम कर लिया तो फिल्मों में भी उनके लिए रास्ता खुल गया था। हर बड़े प्रोड्यूसर और डायरेक्टर की तमन्ना थी कि सुष्मिता उनकी फिल्म से डेब्यू करें। आखिरकार इस रेस में डायरेक्टर महेश भट्ट बाजी मार गए। सुष्मिता ने उनकी फिल्म दस्तक से एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद वो 1997 की तमिल फिल्म रत्चगन में नागार्जुन के अपोजिट दिखीं। वहीं उन्हें बड़ी पहचान फिल्म बीवी नंबर 1 से मिली। इस फिल्म में उन्होंने सलमान और करिश्मा कपूर के साथ स्क्रीन शेयर किया था। फिल्म में उन्हें सलमान के लव इंट्रेस्ट के रूप में देखा गया था।

### बेटी गोद लेने पर लोगों के ताने सुनने पड़े

सुष्मिता सेन ने 24 साल की उम्र में पहली बेटी रिनी को गोद लिया था। हालांकि, ये काफी हिम्मत भरा फैसला था, क्योंकि तब वो बॉलीवुड में खुद को एस्टेब्लिश करने के जद्दोजहद में लगी हुई थीं। हिट फिल्मों के साथ फ्लॉप फिल्मों का टैग भी उनके पास था। इस कारण रिनी को गोद लेना उनके लिए बहुत बड़ा फैसला था।

# मुझे एक्शन हीरो नने पर बहुत गर्व है

दिवाली के मौके पर सलमान खान ने अपने फैंस को टाइगर 3 फिल्म के रूप में खास तोहफा दिया। यह टाइगर फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त थी, जिसमें तीसरी बार सलमान अपनी भूमिका दोहरा रहे थे। सलमान और कटरीना कैफ के दोबारा साथ आने से फैंस को और भी उम्मीदें थीं। फिल्म को प्रशंसकों द्वारा पसंद किया गया और बॉक्स ऑफिस पर भी इसे शानदार प्रतिक्रिया मिली। वहीं अब फिल्म को मिल रहे दर्शकों के प्यार और फिल्म की सफलता पर सलमान खान ने प्रतिक्रिया दी है। सलमान ने कहा, मुझे एक एक्शन हीरो होने पर बहुत गर्व है और मैं भाग्यशाली हूं कि लोगों ने मुझे कई फिल्मों में इस अवतार में पसंद किया है। इसके साथ बार-बार सफलता का स्वाद चखना बहुत अच्छा लगता है, क्योंकि लोगों को खुश करना सिनेमा की आसान शैली नहीं है। आपको लगातार नया आविष्कार करना होगा और दर्शकों को कुछ नया देना होगा, जो उन्होंने प्रत्येक एक्शन फिल्म के साथ नहीं देखा है। उन्होंने आगे कहा, यह सराहना मेरे लिए सफलता की हैट्रिक की तरह महसूस होती है। इन फिल्मों की सफलता भी मेरे लिए बहुत निजी है। वहीं इससे पहले अभिनेता ने कहा था कि टाइगर 3 मेरे दिल के काफी करीब है। फिल्म को इस तरह का प्यार मिलता देखना वाकई मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म दुनिया भर के दर्शकों का मनोरंजन करती रहेगी। दर्शकों ने फिल्म को शानदार शुरुआत दी और मुझे खुशी है कि टाइगर फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग भी सफल रहा। टाइगर 3 ने भारत में 188 करोड़ रुपये की कमाई की है और केवल पांच दिनों में दुनिया भर में 300 करोड़ की कमाई का आंकड़ा छू लिया है। फिल्म में इमरान खान भी हैं, जिन्हें फिल्म में नकारात्मक किरदार निभाने के लिए सराहना मिली। कुछ समय बाद उन्हें इतने अलग अवतार में स्क्रीन पर देखना उनके प्रशंसकों के लिए एक सौगात थी।



# सलमान और मेरे बीच बहुत अच्छा तालमेल है

**टाइगर 3 में आतिश का किरदार निभाने वाले इमरान हाशमी को लगता है कि वह नायक सलमान खान के साथ अच्छे लगते हैं, भले ही उन्होंने पहली बार मनीष शर्मा निर्देशित फिल्म में साथ काम किया हो। शुक्रवार रात मुंबई में टाइगर 3 की सक्सेस पार्टी के दौरान इमरान, कैटरीना कैफ और सलमान खान के साथ मीडिया और फैंस से बातचीत कर रहे थे।**

सलमान के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर करने के बारे में बात करते हुए इमरान ने कहा, सलमान खान को डिस्क्राइब करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप जो देखते हैं, वही आपको मिलता है, उनके आसपास कोई हवा नहीं है... वह आपको सहज महसूस कराते हैं। मेरा पहला सीन सलमान के साथ था, जो एक बड़ा मोनोलॉग था। उनके साथ काम करना आसान था, क्योंकि हम अच्छा महसूस करते थे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह ऑन-स्क्रीन किसिंग करना मिस करते हैं, जो कि उनका सिग्नेचर मूव है, इमरान, जिन्होंने टाइगर 3 के साथ वाईआरएफ स्पाई-वर्स में प्रवेश किया, ने कहा, मैंने मनीष से कहा कि मुझे फिल्म में एक ट्रैक, एक किसिंग ट्रैक की जरूरत है और एक गाना भी, लेकिन वह नहीं माने। मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित और यशराज फिल्म्स के तहत आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित, यह फिल्म टाइगर जिंदा है (2017) का अगला स्कीवल है और वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में पांचवीं इस्टॉलमेंट है। टाइगर 3 ने दिवाली रिलीज के बाद से छह दिनों में बॉक्स-ऑफिस पर दुनिया भर में 322 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

# कार्यकर्ताओं में जोश भर गईं भाजपा प्रभारी

## वोटर चेतना अभियान को लेकर सेक्टर-116 में की बैठक



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी की नोएडा महानगर की प्रभारी बनाई गई राज्यसभा सदस्य श्रीमती कांता कर्दम कल पहली बार नोएडा पहुंची तथा कार्यकर्ताओं में जोश भर गई। सेक्टर-116 पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सभी के साथ उनका परिचय कराया और उसके साथ ही वोटर चेतना महाअभियान के विषय में उपस्थित पदाधिकारियों से बात की।

श्रीमती कांता कर्दम ने सभी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता प्रदेश व केन्द्र सरकार की सभी योजना तथा कार्यक्रमों का निष्ठा से क्रियान्वयन करें। आने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हम सभी को वोटर चेतना महाअभियान से ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को जोड़ना है। कार्यकर्ताओं को फॉर्म के जानकारी, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की जानकारी हो जिससे वो सभी अपने आस पास के लोगो के



ज़्यादा से ज़्यादा वोटर कार्ड बना सकें। इस अवसर पर मा जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद दिया।

बैठक में क्षेत्रीय मंत्री बिजेंद्र नागर, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, उपाध्यक्ष गिरजा सिंह, पूर्व अध्यक्ष योगेन्द्र चौधरी, विनोद शर्मा, गिरीश कॉटनाला, महेश अवाना, युद्धवीर चौहान, धर्मेंद्र गुप्ता, मुकेश शर्मा, अमरीश त्यागी, प्रमोद बहल, एसपी चमोली, पंकज झा, उमेश यादव, तन्मय शंकर, बबलू यादव, गोपाल गौड़, लोकेश यादव, कल्लू सिंह, शारदा चतुर्वेदी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फोनरवा ने दूसरे गुट के आरोपों को बताया झूठ, चुनाव अधिकारियों का किया बचाव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा शहर की सबसे बड़ी संस्था फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ( फोनरवा) का विवाद लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस करके फोनरवा के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा ने फोनरवा के दूसरे गुट के आरोपों को झूठा बता दिया है। नोएडा शहरा में फोनरवा का यह विवाद शहर के प्रत्येक सेक्टर में चर्चा का विषय बना हुआ है।



नोएडा के सेक्टर-5 में स्थित फोनरवा के दफ्तर में बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस हुई। प्रेस कांफ्रेंस में फोनरवा के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा ने कहा कि संगठन का चुनाव जीतने के लिए राजीव गर्ग झूठ बोल रहे हैं। प्रेस कांफ्रेंस में जारी किए गए प्रेस नोट में लिखा गया है कि राजीव गर्ग द्वारा वर्तमान कार्यकारिणी पर लगाए गए सभी आरोप असत्य और निराधार हैं। सभी निर्णय संवैधानिक और नियमों के आधार पर लिए गए हैं। राजीव गर्ग स्वयं ही फोनरवा की वर्तमान कार्यकारिणी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष है। वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा लिए गए सभी निर्णयों पर उनकी सहमति रही है।

प्रेस वार्ता में फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने कहा कि राजीव गर्ग द्वारा तीन महीने के लिए फोनरवा का कार्यकाल बढ़ाने का का आरोप हास्यपद हैं। उनके द्वारा चुनाव को स्थगित करवाने के निर्णय से फोनरवा के सभी सदस्य निराश हैं। उन्होंने कहा कि राजीव गर्ग अपनी हार को देखते हुए वर्तमान कार्यकारिणी पर अनाप-शनाप आरोप लगा रहे हैं। उनके पैनल के कई उम्मीदवार कार्यकारिणी के वरिष्ठ पदाधिकारी उनके पैनल के उम्मीदवार हैं। उनके द्वारा राजनीति करके अधिकारियों पर अनावश्यक रूप से दबाव डाला जा रहा है।

प्रेस वार्ता में फोनरवा के महासचिव के.के. जैन ने कहा की कार्यकारिणी का कार्यकाल बढ़ाने का निर्णय नियमों के आधार पर लिया गया था। हमारे द्वारा डिप्टी रजिस्ट्रार के सभी पत्रों का जवाब समय पर दिया गया है। राजीव गर्ग पैनल द्वारा सिर्फ आरोप लगाए जा रहे हैं अगर उनके आरोपों के कोई प्रमाण है तो डिप्टी रजिस्ट्रार को जवाब दें। उन्होंने कहा जहां तक फाउंडर सदस्यों का प्रशन है हमने उनके साथ समझौता किया है और उनको सदस्यता देने के लिए वचनबद्ध है। इसके लिए हमने सभी आवश्यक दस्तावेज़ डिप्टी रजिस्ट्रार को भेज दिए हैं। हमें उम्मीद है जल्दी ही डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा इस पर कार्रवाई की जाएगी।

श्री जैन ने कहा कि बहुत अच्छे अनुभव और वरिष्ठ सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों को ध्यान में रखते हुए, जिन्होंने पिछला फोनरवा का चुनाव बहुत निष्पक्ष और सुचारू रूप से कराया था जिसके लिए सभी सदस्यों द्वारा इनको पुरुस्कृत भी किया गया था।

इसी आधार पर कार्यकारिणी समिति तथा आम सभा द्वारा इन चुनाव अधिकारियों का चयन किया गया था। इन चुनाव अधिकारियों पर लगाए गए आरोप बहुत ही शर्मनाक हैं। चुनाव अधिकारियों पर लगाए गए सभी आरोपों की हम आलोचना करते हैं। फोनरवा के सभी सदस्य इस बात से सहमत हैं कि इन चुनाव अधिकारियों का सम्मान किया जाए और फोनरवा कार्यकारणी का चुनाव भी इनके द्वारा ही कराया जाए।

# संजय सिंह की गिरफ्तारी को लेकर 'आप' का अभियान तेज

**नोएडा ( चेतना मंच )।** संजय सिंह की गिरफ्तारी की हकीकत बताने के लिए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-27 में अभियान चलाकर घर-घर जाकर पर्चे बांटे।



घर में मौजूद लोगों को दो पेज का दस्तावेज देकर बताया गया कि केंद्र सरकार के इशारे पर की गयी है। पर्चे में नारा दिया गया है कि मरना मंजूर है पर डरना नहीं। मतलब साफ है कि पार्टी नेता,कार्यकता अब दबने व डरने वाले नहीं है। वह संजय सिंह की लड़ाई को आर-पार ले जाना चाहते हैं।

जिला महासचिव राकेश अवाना ने बताया कि संजय सिंह आम आदमी की आवाज, पटरी-रेहड़ी, दुकानदारों, पिछड़ों-दलितों की आवाज को संसद में उठा रहे थे तो उन्हें संसद से निलंबित किया गया। जब उन्होंने किसानों के संघर्ष की आवाज उठाई तो उन्हें ईडी का डर दिखाया गया। लेकिन संजय सिंह तब और हमलावर हो गये और उन्होने प्रधानमंत्री और अडानी के भ्रष्टाचार का सच उजागर करना

### अब मरना है मंजूर पर डरना नहीं : राकेश अवाना

शुरू कर दिया। कहा गया कि संजय सिंह ने जब केंद्र सरकार और उप्र सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करना शुरू किया तो संजय सिंह को जेल भेजने की साजिश रची गयी।

राकेश अवाना ने कहा कि आज हम सबने पर्चो को बांट कर देश को जागरूक करने का काम किया है। ताकि देश की जनता को सच पता चल सके। इस मौके पर उनके साथ विष्णु ठाकुर, मनोज साहू, रामकुमार, संजय कुमार, रामबाबू सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुलायम सिंह के जन्मदिन पर समाजवादियों ने बांटे कम्बल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक देश के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की 85वीं जयंती नोएडा में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा बड़ी ही गरमजोशी के साथ मनायी गई। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नोएडा सेक्टर-70 में मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए हवन भंडारे व हज़ारों कंबलों के वितरण का आयोजन किया।

इस मौके पर मुलायम सिंह यादव के करीबी रहे समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राकेश यादव ने कहा कि नेता जी ने सिखाया कि हमेशा ज़रूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र यादव ने बताया कि नेता जी पूरे हिंदुस्तान के नेता थे।



इस मौके पर सपा प्रदेश सचिव राकेश यादव पूर्व अध्यक्ष महेंद्र यादव पूर्व ज़िला अध्यक्ष प्रताप चौहान,वरिष्ठ नेता दिनेश प्रधान ,सुंदर यादव वरिष्ठ नेता महेश यादव सतपाल नेता जी रवि शर्मा प्रदेश सचिव विनोद यादव, पूर्व मंत्री राकेश यादव राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी गजराज नागर सुभाष भाटी जगत चौधरी कालू यादव नवीन भाटी सोनिया यादव वीरपाल आवाना के पी यादव नितिन यादव नेहा पांडेय सुशील यादव लखन यादव व पार्टी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्त उपस्थित रहे।

# एनईए का शपथ ग्रहण समारोह कल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के शो विंडो नोएडा शहर को संचालित करने वाले नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों की सबसे बड़ी संस्था नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन (एनईए) के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह की घोषणा पर दी गई है। एनईए का शपथ ग्रहण समारोह 24 नवंबर 2023 (शुक्रवार) को किया जाएगा। इस दिन नोएडा के सबसे बड़े कर्मचारी संगठन नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में चौ. राजकुमार अपनी टीम के साथ शपथ लेंगे।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के शो विंडो नोएडा शहर को संचालित और उसके विकास का जिम्मा नोएडा प्राधिकरण पर है। प्रदेश सरकार के निर्देशन में काम करने वाले नोएडा प्राधिकरण की स्थापना 17 अप्रैल वर्ष 1976 में हुई थी।

नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन (एनईए) का वर्ष-2023-25 का द्विवार्षिक चुनाव विगत 2 नवंबर 2023 को हुआ था। इस चुनाव में चौ. राजकुमार व जितेन्द्र कुमार पैनल ने शानदार जीत दर्ज की थी। राजकुमार पैनल के सभी प्रत्याशी इस चुनाव में जीते थे। चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार चौ. राजकुमार को 670 वोट, महासचिव जितेन्द्र कुमार को 507, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा को 624 व वीरवाल को 564 तथा सचिव पद पर जीते अमित कुमार को 630, नीरज राणा को 643 और कोषाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़े सुभाष चंद को 547 वोट मिले थे। एनईए के द्विवार्षिक चुनाव में दूसरे पैनल से खड़ी हुई श्रीमती विमला देवी के पैनल के सभी प्रत्याशी चुनाव हार गए थे। चुनाव में नोएडा प्राधिकरण के 831 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था।

नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों के सबसे बड़े संगठन नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह की घोषणा कर दी गयी है। एनईए के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 24 नवंबर 2023 (शुक्रवार) को नोएडा के सेक्टर-6 स्थित इंदिरा गांधी कला केन्द्र में सुबह 11.30 बजे होगा। शपथ ग्रहण समारोह में नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीईओ डा. लोकेश एम मुख्य अतिथि होंगे। शपथ ग्रहण समारोह में नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारी भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

# शोध व स्टार्टअप को समर्थन करता है बाइरैक : डा. प्राची

## एमिटी का बाइरैक व आईआईटी कानपुर के प्रतिनिधिमंडल ने किया दौरा

**नोएडा।** एमिटी विश्वविद्यालय का भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान परिषद (बाइरैक) और आईआईटी कानपुर के




प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया। इस अवसर पर जैव उद्यमियों का पोषण- व्यावसायीकरण का विचार विषय पर परिचर्चा की गई।

जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान परिषद (बाइरैक) की मैनेजर (इनवेस्टमेंट) डा प्राची कौशिक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बाइरैक को राष्ट्रीय स्तर पर आवश्यक उत्पाद बनाने की दिशा में रणनीतिक अनुसंधान और इनोवेशन के लिए इंटरफेस एंजेसी के रूप में स्न 2012 में स्थापित किया गया है। बाइरैक, उच्च जोखिम वाले नवाचारों के लिए स्टार्टअप, उद्यमियों, मध्यम और बड़े पैमाने की कंपनियों का समर्थन करता है ताकि जरूरतों को पूरा करने के लिए किफायती उत्पाद विकसित किए जा सकें। उन्होनें कहा कि हम प्रयोगशाला से बाजार तक सहयोग प्रदान करते है। उन्होनें प्रमोटिंग एकेडमिक रिसर्च कनवरसेशन टू एंटरप्राइज योजना सहित बाइरैक की उपलब्धियों की जानकारी दी।

आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इंक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर की बायोटेक वर्टिकल सुश्री आंचल वर्मा ने बायोटेक्नोलॉजी इग्नीशन ग्रांट (बीआईजी) के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बीआईजी, बाइरैक का एक प्रमुख कार्यक्रम है जो युवा स्टार्टअप्स और उद्यमीयों को ईंधन और सहायता का सही मिश्रण प्रदान करता है। यह भारत में सबसे बड़ा प्रारंभिक बायोटेक फंडिग प्रोग्राम है।

मनोदयम प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ संजय भारद्वाज, एमिटी साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फांउडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वामूर्ती, एमिटी विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस के डीन डा बी सी दास ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे।

# सेक्टर-12 में हादसों को दावत दे रहा है उद्यान विभाग!

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-12 के वी ब्लॉक में पेड़ों की छंटाई न होने के कारण बढ़कर बिजली विभाग के तारों को छू रही हैं। कहीं-कहीं टहनियां झुककर नीचे आ गई



कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लेकिन प्राधिकरण का उद्यान विभाग कोई भी सुध नहीं ले रहा है।

सेक्टर वी ब्लॉक के राजेन्द्र सिंह, नीलम, राकेश देवी, नीलम मिश्रा, दीक्षा शर्मा, रेखा देवी, सीमा शर्मा, राजेश शर्मा आदि लोगों का कहना है कि वी-207 में स्थित पार्क के चारों अरो पेड़ की टहनियां हैं। जिसके कारण कोई बड़ा हादसा हो सकता है। पार्क में बच्चे, बुजुर्ग तथा महिलाएं सुबह-शाम टहलते हैं तथा बच्चे खेलते हैं। ऐसे में हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। ब्लॉक के लोगों ने उद्यान विभाग के निदेशक को पत्र लिखकर शीघ्र ही पेड़ों की छंटाई करने की मांग की है।

बता दें कि सिर्फ वी ब्लॉक ही नहीं बल्कि समूचे सेक्टर-12 में पेड़ों की छंटाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। छंटाई भी ऐसे की जाती है कि तना छोड़कर समूचा असुविधा तथा दिक्कत होने के कारण उद्यान विभाग के कर्मचारियों को पैसा देकर पेड़ों को समूल नष्ट कर दिया जाता है। बाद में पेड़

### पेड़ों की छंटाई न होने से हादसे की आशंका, उद्यान निदेशक को पत्र लिखा



पेड़ ही काट दिया जाता है। कुछ लोगों ने बताया कि कोठी मालिकों को पार्किंग की गायब हो जाता है। उद्यान विभाग में यह खेल काफी समय से चल रहा है।

